चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 70, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 04 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## राजस्थान: करौली में अब भी तनाव बरकरार

### लोगों को सुबह न दूध मिला और न अखबार, गहलोत बोले- कानून का होगा पालन, सांप्रदायिक हिंसा के मामले में 33 गिरफ्तार, पुलिस बोली- वीडियो से करेंगे पहचान

**करौली:** राजस्थान के करौली में शनिवार शाम करीब छह बजे हिंदू नव वर्ष पर निकाली गई रैली पर पथराव के बाद हिंसा भड़क गई। इससे शहर में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। कर्फ्यू और डर के कारण लोग घरों में कैद हैं। 18 घंटे बाद भी हालात पहले की तरह सामान्य नहीं हो पाए है। इससे रविवार सुबह शहर के कुछ इलाकों में मूलभूत सुविधाओं भी बाधित रहीं। लोगों दूध और अखबार जैसी जरूरी चीजों का वितरण नहीं हो सका। इधर, इंटरनेट सेवा बंद होने के कारण भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। उधर, बाइक रैली पर किए गए पथराव का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि, हटवारा बाजार से रैली गुजरने के दौरान विशेष समुदाय के कुछ लोग मकानों की छतों से पथराव करने





लगते हैं। इससे रैली के साथ चल रहे एसएचओ सहित तीन पुलिसकर्मी और कुछ लोग घायल हो गए। इसके बाद दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए और हिंसा भड़क गई। देखते ही देखते उपद्रवियों ने बाजार में स्थित दुकानों में आग दी। इसके बाद हालात काबू से बाहर हो गए और जयपुर से 600 पुलिसकर्मियों के दल को बुलाना पड़ा। इसके साथ ही पुलिस के आला अधिकारी भी करौली पहुंचे। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने सबसे पहले धारा 144 लागू की, लेकिन इसका प्रभाव नहीं दिखने के कारण कुछ देर बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया। पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर और सख्ती बरतकर शांत कराया। हिंसा में पुलिसकर्मियों सहित 43 लोग घायल हो गए थे। मामूली घायलों को इलाज के बाद शनिवार को ही छुट्टी दे दी गई थी। जबकि एक गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र का जयपुर के अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**गहलोत बोले- दंगा भड़काने वाले को नहीं बख्शेंगे:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को हिंसा पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि दंगा भड़काने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में हर हाल में कानून का पालन होगा।

**दोबारा हिंसा न भड़के यह प्रशासन के लिए चुनौती:** शनिवार देर रात 12 बजे प्रशासन ने दोनों समुदाय के वरिष्ठ लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान लोगों को समझाइश देकर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। प्रशासन ने दोनों पक्षों से युवाओं को शांत कराने की अपील भी की है। प्रशासन की कोशिश है कि सबसे पहले लोगों को शांत कराकर हालात सामान्य किए जाएं।

### धर्म के नाम पर हो रहा ध्रुवीकरण ठीक नहीं: सीएम

**करौली**

**राजस्थान** के करौली में हुए दंगे को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार आने के बाद देश और प्रदेश में जो ध्रुवीकरण हो रहा है वह ठीक नहीं है। इसकी कारण से जगह-जगह तनाव पैदा हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशवासियों से अपील करनी चाहिए कि धर्म और जाति के नाम पर हो रहा ध्रुवीकरण उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि करौली और ब्यावरा की घटना सभी के सामने है। यूपी में हो रहे फेक एंकाउंटर: उन्होंने कहा कि मेरा मानना शुरू से रहा है कि गांव, जिले, प्रदेश और जिस देश में शांति-भाईचारा और सद्भाव रहता है ।

## इमरान की 'गुगली' पर विपक्ष चारों खाने चित्त

### इमरान की सलाह पर राष्ट्रपति अल्वी ने नेशनल असेंबली भंग की, विपक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान खान सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों का अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद राजनीति और तेज हो गई है। इमरान की सलाह पर राष्ट्रपति राशिद अल्वी ने नेशनल असेंबली भंग करने की मंजूरी दे दी है लेकिन विपक्षी दल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की बुलाई बैठक है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को नेशनल असेंबली में भंग करने का प्रस्ताव दिया जिसके बाद राष्ट्रपति ने असेंबली भंग करने की मंजूरी दे दी। इमरान ने देश के नाम अपने संबोधन में कहा कि यह विपक्ष और विदेशी ताकतों का एजेंडा है। मैं



सारी कौम को मुबारक देता हूं। मेरे और मुझसे ज्यादा पाकिस्तान के खिलाफ साजिश हो रही थी। अल्लाह देख रहा है, कौम ये सब नहीं होने देगा। अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर डिप्टी स्पीकर ने अपनी अथॉरिटी दी है।

**विपक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट:** पाकिस्तान नेशनल की असेंबली में इमरान सरकार के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी द्वारा खारिज किए जाने और वोटिंग नहीं कराने के फैसले के खिलाफ पीएमएल-एन और पीपीपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज की मरियम नवाज ने कहा कि विपक्ष ने किया सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के मुस्तफा नवाज खोखर का कहना है कि उनके वकील कोर्ट पहुंच रहे हैं और मुख्य न्यायाधीश से नोटिस लेने की अपील कर रहे हैं। इसके बाद चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की बुलाई बैठक है।

## क्या केंद्र में जाएंगे नीतीश कुमार?

### ललन सिंह ने ट्वीट कर बढ़ाया सस्पेंस, वीडियो भी किया साझा

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के केंद्र में जाने की अटकलों के बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने दो ट्वीट कर सस्पेंस को और बढ़ा दिया। ललन सिंह ने शनिवार देर रात ट्वीट कर कहा कि 'कहीं भी ऐसा नेता सदाबहार नहीं मिलेगा,नीतीश कुमार के जैसा जांनिसार नहीं मिलेगा'। उन्होंने एक और ट्वीट करते हुए लिखा कि "छूट गया जो हाथ से तो पतवार नहीं मिलेगा, नीतीश कुमार के जैसा जांनिसार नहीं मिलेगा।"



**ललन सिंह के ट्वीट ने बढ़ाया सस्पेंस:** ललन सिंह के ट्वीट से अब यह साफ नहीं हो पा रहा है कि आखिर वे क्या कहना चाह रहे हैं। हालांकि कुछ जगह उन्होंने नीतीश के दिल्ली जाने को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि नीतीश कुमार पूरे देश में लोकप्रिय हैं। अन्य राज्यों के लोग भी उनकी कार्यशैली की सराहना कर रहे हैं।

## अमेजन कंपनी में भी बनेगी ट्रेड यूनियन

**वाशिंगटन:** दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में एक अमेजन के सामने अब एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। अपने यहां मजदूर यूनियन बनने से रोकने की उसकी वर्षो पुरानी कोशिश आखिरकार नाकम हो गई है। अमेरिका में स्टेटेन आइलैंड स्थित अमेजन के वेयरहाउस के कर्मचारियों ने यूनियन बनाने संबंधी प्रस्ताव को बड़े बहुमत से पारित कर दिया है। इसके पहले अमेजन की जिस किसी इकाई में ऐसी कोशिश हुई, कंपनी उसे नाकाम करने में सफल रही। आरोप है कि कई जगहों पर कंपनी ने इसके लिए करोड़ डॉलर खर्च किए और विवादास्पद कदम उठाए। अमेरिका में यूनियन बनाने के प्रस्ताव पर कारखानों में मतदान कराया जाता है। 1980 के बाद से चलन यूनियनों के कमजोर होने का रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फिर से यूनियन बनाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इनमें कई जगहों पर कर्मचारियों को सफलता हाथ लगी है। उसी में अब स्टेटेन आईलैंड का अमेजन का वेयरहाउस भी शामिल हो गया है। वहां हुए मतदान में 2,654 कर्मचारियों ने यूनियन बनाने के पक्ष में मतदान किया।



## 'देश की एकता, अखंडता सर्वोच्च प्राथमिकता'

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि देश की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसकी एकता, अखंडता की रक्षा के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कई भूमिकाओं में काम आने वाले 10 टन के भारतीय हेलीकॉप्टर के डिजाइन और विकास में तेजी लाने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि हेलीकॉप्टर प्रौद्योगिकी में प्रगति हमारे रक्षा क्षेत्र के लिए प्रभावी होगी और भारत को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान मिलेगी। भारतीय वायु सेना ने शनिवार को चेतक हेलीकॉप्टर की सेवा के 60 साल पूरे होने पर हैदराबाद के हाकिमपेट स्थित वायु सेना स्टेशन में 'चेतक- आत्म-निर्भरता, बहुविज्ञता और विश्वस्तता के 6 गौरवशाली शतक' विषय पर 'यशस्वत् षट् शतकम्' सम्मेलन आयोजित किया। इसी सम्मेलन को रक्षा मंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी कोई देश अपनी सुरक्षा के लिए युद्ध लड़ता है, तो इसमें केवल सशस्त्र बल ही हिस्सा नहीं लेते हैं बल्कि पूरा देश उस युद्ध में शामिल होता है। 'चेतक' और अन्य प्लेटफॉर्म जैसे हेलीकॉप्टर विकसित करने वाले एचएएल जैसे संगठनों के वैज्ञानिक, इंजीनियर और तकनीशियन हमारे सैनिकों के समान ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतिहास में राजपूत राजा राणा प्रताप के 'चेतक' नाम के घोड़े की तुलना करते हुए राजनाथ सिंह ने 'चेतक' हेलीकॉप्टर को न केवल एक मशीन, बल्कि एक जीवंत और समर्पित इकाई बताया, जो पिछले छह दशकों से लगातार राष्ट्र की सेवा में लगकर दूसरों के लिए मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि अब तक निर्मित लगभग 700 चेतकों ने पूरे समर्पण के साथ युद्ध और शांति के समय में राष्ट्र की सेवा की है। उन्होंने इसके कई तरह के उपयोग को संयुक्तता का एक ज्वलंत उदाहरण बताया है। रक्षा मंत्री ने इस हेलीकॉप्टर की क्षमताओं के बारे में बताते हुए कहा कि 'चेतक' ने सटीकता के साथ दुश्मनों को निशाना बनाकर और सैनिकों को सफलतापूर्वक उतारकर युद्ध के मैदान में अपनी क्षमता साबित की है। उन्होंने कहा कि इसने युद्ध के मैदान में आवश्यक सामान पहुंचाने में भी मदद की है। आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाकर कई बहुमूल्य जीवन बचाए हैं। इसने जरूरत पड़ने पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है, जिससे निर्णय लेने और युद्धों में जीत का मार्ग प्रशस्त करने में मदद मिली है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता और आपदा राहत पहुंचाने में 'चेतक' हमेशा सबसे आगे रहा है। यह पहली बार है जब कोई हेलीकॉप्टर इस मुकाम पर पहुंचा है और अपने निर्माण के 60 वर्षों के बाद भी एक अग्रणी हेलीकॉप्टर बना हुआ है। रक्षा मंत्री 1971 के युद्ध के दौरान चेतक हेलीकॉप्टर के असाधारण योगदान को याद किया। उन्होंने बताया कि जमीन पर अपने सैनिकों को हवाई सहायता प्रदान करने से लेकर हेली-ब्रिजिंग ऑपरेशन और दुश्मन

## राज ठाकरे एक अस्थिर नेता: शरद पवार

**मुंबई:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे द्वारा कास्ट पॉलिटिक्स का आरोप लगाए जाने के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी करारा पलटवार किया है। पवार ने रविवार को कहा कि मनसे अध्यक्ष कभी भी किसी भी मुद्दे पर लगातार स्टैंड नहीं लेते हैं और साल में तीन से चार महीने के लिए अंडरग्राउंड रहते हैं और फिर बाहर आकर बयानबाजी करते हैं। मुझे पता नहीं बाकी के महीनों में वे क्या करते हैं। बता दें कि शनिवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली में बोलते हुए, राज ठाकरे ने



शरद पवार की आलोचना करते हुए उन पर समय-समय पर जाति कार्ड खेलने और समाज को विभाजित करने का आरोप लगाया था।

**शरद पवार ने किया पलटवार:** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कोल्हापुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी सभी जातियों के लोगों को एक साथ लाती है। राज ठाकरे को टिप्पणी करने से पहले हमारी पार्टी के इतिहास का अध्ययन करना चाहिए था। पवार ने आगे कटाक्ष करते हुए कहा कि राज ठाकरे तीन से चार महीने तक भूमिगत रहते हैं और अचानक व्याख्यान देने के लिए सामने आते हैं। यह उनकी विशेषता है। मुझे नहीं पता कि वह बाकी के महीनों तक क्या करते हैं। पवार ने कहा कि मनसे प्रमुख कई चीजों के बारे में बात करते हैं लेकिन उनके पास लगातार स्टैंड का अभाव है।

## कीव से निकल रही रूसी सेना

**कीव/मॉस्को:** जंग के 39वें दिन यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाकों को रूसी सेना खाली कर रही है। वहीं इन जगहों पर डरा देने वाला मंजर देखने को मिल रहा है। राजधानी कीव के पास एक कस्बे की सड़क पर 20 लाशें पड़ी मिलीं। यूक्रेन ने दावा किया है कि इन लोगों के हाथ पीछे से बांधकर सिर में गोली मारी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक जो लाशें पड़ी मिली हैं, इनमें पुरुष और महिलाएं और एक 14 साल का बच्चा भी शामिल है। मारियुपोल में बड़ी संख्या में लोग फंसे हुए हैं। इन



लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। रेड क्रॉस ने शनिवार को कहा कि वह अभी तक प्रभावित बंदरगाह शहर तक नहीं पहुंचा है, जहां एक लाख लोग फंसे हुए हैं।

**कीव पर यूक्रेन का नियंत्रण कायम किया:** यूक्रेन के उप रक्षा मंत्री अन्ना मल्यार का कहना है ।

## 2021-22 में 418 अरब डॉलर का हुआ निर्यात

**नई दिल्ली: केंद्रीय** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को एक प्रेस वार्ता में भारत की अर्थव्यवस्था पर बात की और इस दौरान हाल ही में आई फिल्म आरआरआर का जिक्र भी किया। गोयल ने कहा, 'मुझे पता चला है कि आरआरआर फिल्म शायद इस देश की सबसे बड़ी फिल्म बन गई है और 750 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। इसी तरह, मुझे लगता है कि भारत की अर्थव्यवस्था भी एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़ रही है।'

## 'कश्मीरी हिंदुओं को ऐसा बसना है कि फिर कोई उजाड़ न सके..'

**जम्मू:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को नवरेह महोत्सव के मौके पर कश्मीरी हिंदू समुदाय को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए संबोधित किया। एक से तीन अप्रैल तक जम्मू में संजीवनी शारदा केंद्र की तरफ से तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें तीसरे दिन सरसंघचालक ने कश्मीर हिंदू समुदाय को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान कश्मीरी हिंदू समुदाय को नवरेह के शुभ त्योहार पर अपनी मातृभूमि में लौटने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि अब संकल्प पूर्ति का समय नजदीक है। अबकी बार अपनी मातृभूमि में ऐसे बसना है कि फिर कोई उजाड़ न सके। सभी के साथ मिलजुल कर



रहना है। सरसंघचालक ने राजा ललितादित्य के इतिहास पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, उन्होंने फिल्म द कश्मीर फाइल्स का जिक्र करते हुए कहा कि धीरे-धीरे सच देश के सामने आ रहा है। इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। लेकिन, आम लोग कश्मीरी हिंदुओं के दर्द को समझ रहे हैं और उनके बीच में कश्मीरी हिंदुओं के लिए सहानुभूति है। उन्होंने कहा कि अब कश्मीर में ऐसे बसेंगे कि फिर कोई विस्थापित न कर सके। धैर्य के साथ अपना प्रयास जारी रखना है। संपूर्ण भारत का अभिन्न अंग बन कर कश्मीर में बसना और रहना है।

**नहीं होना चाहिए कट्टरपन:** मोहन भागवत ने कहा कि संकट आते हैं। कई बार भयंकर संकट आते हैं। कभी-कभी लंबे समय तक रहते हैं। ऐसा न हो, यह हम सबकी कामना है। यह बात ऐसी नहीं है जो वापिस नहीं हो सकती। एक न एक दिन हम इसको वापस कर देंगे। इस हिम्मत को छोड़ना नहीं है। इस हिम्मत को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाना चाहिए। अपने लोगों को जगाना चाहिए। कट्टरपन नहीं होना चाहिए। सभी से मिलजुल कर रहना चाहिए।

## 13 दिन में 8 रुपए महंगे हुए पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली:** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर एक बार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी दिल्ली में रविवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 80-80 पैसे की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही यहां 1 लीटर पेट्रोल 103.41 रुपए और डीजल 94.67 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है।

**13 दिन में 8 रुपए महंगे हुआ पेट्रोल-डीजल:** 22 मार्च से अब तक यानी 13 दिन में ही दिल्ली में पेट्रोल-डीजल 7 रुपए 96 पैसे लीटर तक महंगा हो चुका है। 21 मार्च को पेट्रोल 95.45 रुपए प्रति लीटर पर था। लेकिन इसके बाद से अब तक यानी सिर्फ 13 दिनों में ही पेट्रोल 7



रुपए 96 पैसे महंगा होकर 103.41 रुपए पर आ गया है। वहीं डीजल भी 7 रुपए 96 पैसे महंगा होकर 94.67 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है।

**अभी और बढ़ सकते हैं दाम:** क्रिसिल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के नुकसान की भरपाई के लिए पेट्रोल-डीजल की कीमत में 15 से 20 रुपए का इजाफा करने की जरूरत थी।

अखंड भारत संदेश
प्रयागराज, सोमवार 04. 04. 2022 | 02

## खबर संक्षेप

### अपहरण के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने अपहरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने जूही चौराहे के पास से धारा 366, 354 के अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जूही चौराहे से धरे गए अपहरण के अभियुक्त किशन उर्फ विक्की मिश्र पुत्र राजेंद्र प्रासद मिश्र (निवासी भलुहई, गढ़, रींवा, मध्यप्रदेश) और पुष्पेंद्र सिंह पुत्र स्व. लाल बहादुर (पूरे गंगाछ, बैरी बसहरा, शंकरगढ़) से पूछताछ की गई, इसके बाद दोनों का चालान भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी उप निरीक्षक प्रवेश कुमार यादव और हेड कांस्टेबल राजेश सिंह यादव व अभय कुमार ने की है।

# दूध व वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन से आत्मनिर्भर होगी गोशाला: कमिश्नर

## मंडलायुक्त संजय गोयल ने कान्हा गोशाला जनवा का किया औचक निरीक्षण, कान्हा गोशाला में संरक्षित की गई हैं 1700 गायें

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** मंडलायुक्त संजय गोयल ने यमुनापार की कान्हा गोशाला, जनवा का औचक निरीक्षण किया। विकास खंड शंकरगढ़ की इस गोशाला के निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त को जानकारी देते हुए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि कान्हा गोशाला में इस समय 1700 गायें संरक्षित की गई हैं। इसमें बच्चा देने वाली गायों को अन्य पशुओं से अलग रखा गया है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने गायों को गुड़ भी खिलाया।

मंडलायुक्त ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी और नगर निगम के पशुधन अधिकारी को गोशाला में बच्चा देने वाली गायों की अलग से ग्रेडिंग करते हुए उनके खान-पान का विशेष प्रबंध करने का निर्देश दिया। कहा कि नये जन्मे बच्चों की परवरिश में कोई कमी नहीं रखी जाए। कहा कि ऐसा करने से दूध का उत्पादन होगा और इससे गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ा जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कहा कि गोशाला में गोबर से वर्मी कंपोस्ट खाद के उत्पादन और इसकी बिक्री करने से भी गोशाला को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने नगर निगम के मुख्य अभियंता को कान्हा गौशाला परिक्षेत्र में अधिक मात्रा में हरे चारे की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने गोशाला में संरक्षित गोवंशों का टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराये जाने के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में भूसा की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी, एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह समेत अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कान्हा गोशाला का मुआयना करने के उपरांत तत्पश्चात मंडलायुक्त ने जसरा में बनाए गए गेहूं क्रय केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रय किए गए गेहूं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को गेहूं विक्रय करने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


## न्यूज झरोखा

### हिन्दू देवी देवताओं के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने पर मुकदमा पंजीकृत करने हेतु प्रार्थना पत्र



**जंघई।** असवां जंघई निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय अमरनाथ एवं वेदप्रकाश पुत्र मित्रपाल निवासी जतपुरा बघराई द्वारा हमेशा सोशल मीडिया पर हिन्दू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी एवं अश्लील फोटो एडिट करके डालते रहते हैं।जिसकी जानकारी जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित कुमार तिवारी को मिली तो उन्होंने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष मीरगंज को सूचित कर इस मामले की जानकारी दिया। थानाध्यक्ष की गैर मौजूदगी में जन कल्याण सेवा संघ के कार्यकताओं ने सब इंस्पेक्टर जनार्दन यादव को प्रार्थना पत्र देकर अपील किया कि मामले की जांच करके इनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सख्त कार्यवाही किया गया जाए।जन कल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित कुमार तिवारी ने बताया कि हम किसी जाति धर्म के विरोधी नही है परंतु जो हमारे धर्म और समाज का विरोधी है हम उसे छोड़ेंगे नही।इस अवसर पर विजय मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, ऋषभ तिवारी, विक्कू पाठक, ऋषभ तिवारी, विशाल तिवारी उपस्थित रहे।

### सुदर्शनपुरी प्रांगण में किया गया पूजन अर्चन



**जंघई।** जगत गुरु श्री रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में श्री राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच शनिवार को कलश स्थापना के साथ नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना विधिपूर्वक की जाएगी। वहीं मंदिर को भी रंगीन बल्बों व पुष्पों सहित फूलों के तोरण से सजाया गया है। मंदिर प्रांगण में दूर दराज एवं क्षेत्रीय लोगों द्वारा पूजन अर्चन परिक्रमा करके अपनी-अपनी मनोकामना पूर्ण की जाती है। पूजन अर्चन में आचार्य अशोक कुमार शुक्ल, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुज महाराज, मदन गोपाल मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, चंद्रकांत पांडेय, सुनील तिवारी, ईश्वर चंद्र शुक्ल, धर्मेंद्र पांडेय, वेद तिवारी शास्त्री, अवधेश तिवारी, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग शामिल रहे।

### इंद्रकली स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों को स्मार्टफोन , टैबलेट वितरित किया गया



**मेजा रोड।** मेजा के इंद्रकली स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को छात्रों को स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया गया। स्मार्टफोन और टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण के दौरान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य रविशंकर शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच को मैं धन्यवाद देता हूँ, उन्होंने शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में समानता लाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के महाविद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को स्मार्टफोन व टेबलेट मोबाइल फोन वितरण कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच को साकार करना आप का कार्य है, आप फोन का सदुपयोग कर पढाई करें। इस मौके पर प्रबंधक आशीष कुमार पांडे, राकेश तिवारी, बालकृष्ण तिवारी, आशीष मिश्र, प्रदीप तिवारी, मयंक दुबे, पवन शुक्ल सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### शान्ति ब्यवस्था केलिए पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**मेजा रोड।** मेजा एमएलसी चुनाव, नवरात्रि व माहे रमजान को लेकर मेजा पुलिस व सेना के जवानों ने फ्लैग मार्च कर शांति व सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। बता दें कि एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार के निर्देश पर रविवार को प्रभारी थानाध्यक्ष मेजा आशीष कुमार चौबे के नेतृत्व मे पुलिस व सेना के जवानों ने एमएलसी चुनाव, नवरात्रि पर्व व माहे रमजान को शांति व सुरक्षा व्यवस्था से सम्पन्न कराने को लेकर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च मेजारोड पुलिस चौकी से निकलकर पटेल चौराहा, मेजारोड चौराहा, सिरसा रोड, कोरांव रोड होते हुए क्षेत्र में भ्रमण किया।इस दौरान लोगों से एमएलसी चुनाव, नवरात्रि पर्व व माहे रमजान में शांति बनाए रखने की अपील की गई। प्रभारी थानाध्यक्ष मेजा आशीष कुमार चौबे ने कहा कि एमएलसी चुनाव को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने सहित लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रखने, समाज निर्माण के उद्देश्य से भी फ्लैग मार्च निकाला गया। इस मौके पर चौकी प्रभारी मेजारोड अमृत जायसवाल, दरोगा सचिन देव वर्मा, हेड कांस्टेबल संजय तिवारी, प्रांशु कुमार, रामसूरत, विपिन कुमार सहित दर्जनों सेना के जवान मौजूद रहे।

# पत्रकार उत्पीड़न पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ चुप नहीं बैठेगा : डा. उपाध्याय

अखंड भारत संदेस




**करछना।** प्रदेश में बढ़ रही पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ चुप नहीं बैठेगा। और किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर पत्रकार सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। सरकार को इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना ही होगा। उपरोक्त उदगार डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय राष्ट्रीय संयोजक भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने रविवार को व्यक्त किए। आनंद नगर नैनी में पी एन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित तहसील इकाई करछना के शपथ ग्रहण एवं होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। डा० उपाध्याय ने कहा कि नई सरकार गठित होते ही पत्रकारों का उत्पीड़न अचानक बढ़ गया। जो एक गंभीर चिंता का विषय है। यदि इस पर सरकार ने गंभीरता पूर्वक सकारात्मक पहल नहीं की तो बाध्य होकर पत्रकार महासंघ प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को विवश होगा। महासंघ आगामी बुधवार एवं गुरुवार को पूरे प्रदेश भर में सभी तहसीलों और जिला मुख्यालयों पर संबंधित अधिकारियों को मांग पत्र सौपेगा। जिसमें पत्रकार उत्पीड़न की घटना को तत्काल रोकने का आग्रह किया जाएगा ।डा० उपाध्याय ने कहा कि एक तरफ सरकार यह कहती है कि पत्रकारों को समाचार संकलन में कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। दूसरी तरफ निष्पक्षता और सच्चाई के साथ समाचार संकलन करने वाले पत्रकारों का प्रशासनिक उत्पीड़न किया जाता है। और उन्हें अनर्गल ढंग से मुकदमे में फंसा कर उन्हें जेल भेजा जाता है। जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभाशंकर ओझा ने कहा कि आज जिस तरह माफियाओं और सरकारी तंत्र द्वारा पत्रकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वह शर्मनाक ही नहीं बल्कि बहुत ही चिंतनीय है। इस पर सरकार को तत्काल प्रभाव से रोक लगानी चाहिए। और पत्रकार सुरक्षा कानून पूरे प्रदेश भर में अविलंब लागू करना चाहिए। इसके लिए महासंघ पुरजोर ढंग से लड़ाई लड़ेगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासंघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष हौसला प्रसाद सिंह पटेल और प्रयागराज के जिलाध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी ने संगठन के साथियों को आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। संगठन सदैव उनके साथ है और जहां जब भी आवश्यकता हो पूरा संगठन 24 घंटे उनके साथ खड़ा है। समारोह का संचालन करते हुए राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश कुमार पवन ने इस बात पर चिंता जताई कि गिरे हुए स्तर के लोग पत्रकारिता जगत में प्रवेश करके इसकी छवि धूमिल कर रहे हैं। और भी अनेक क्षद्म प्रभावों से पत्रकारिता को कलंकित कर रहे हैं। जिससे हमें सचेत रहना होगा मंच पर उपस्थित रहे मानवाधिकार संरक्षण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार द्विवेदी और प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडेय तथा जन टीवी चैनल के निदेशक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने भी पत्रकारों को संबोधित किया इस अवसर पर कुल 31 पत्रकारों को पं माखनलाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर उनका अभिनंदन किया गया। भारी संख्या में उपस्थित पत्रकारों में प्रयागराज की सभी तहसीलों से उपस्थित पत्रकारों ने महासंघ को और पुरजोर ढंग से सशक्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। करछना तहसील इकाई के अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय और उनकी इकाई के पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया? इस अवसर पर अधिवक्ता पंकज शुक्ल ननकेश बाबू यादव शिवेश कुमार राय रामसखा सिंह पटेल चंद्रभान सिंह यादव डॉ राम जी प्रजापति राजेश कुमार यादव राम जी केसरवानी अरविंद सिंह विसेन भैरव प्रसाद शुक्ला वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर डॉ सबरेज अहमद पुरुषोत्तम मिश्रा सुशील पाल अरुण कुमार जयशंकर भास्कर प्रदीप सिंह शिवम मिश्रा धीरेंद्र कुमार पांडेय लाल चंद्र प्रजापति रूद्र मणि द्विवेदी राजू शुक्ला कार्तिकेय भास्कर विवेक कुमार वेदानंद विश्वकर्मा सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

## डॉ अर्चना की हत्या समाज पर कलंक : डा.पाण्डेय

**करछना।** बीते दिनों राजस्थान में एक योग्य चिकित्सक डॉ अर्चना की मौत समाज पर कलंक है स्थानीय राजनीति से जुड़े अराजक नेताओं और गुंडों द्वारा डॉक्टर को लगातार ब्लैकमेल किया जा रहा था।इतना ही नहीं अन्याय पूर्ण ढंग से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना भी गयी जिसके चलते डॉ अर्चना इस हादसे को बर्दाश्त नहीं कर सकी और उनकी मौत हो गई। यह बातें रामपुर स्थित जनहित अस्पताल में एक बैठक के दौरान जागृति मिशन के संयोजक डॉ भगवत पांण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि डॉ अर्चना ने इलाज के दौरान गंभीर स्थिति में एक महिला को बचाने की कोशिश की किंतु उसकी मौत हो गई स्थिति को जानते हुए परिजन भी संतुष्ट थे और महिला को एंबुलेंस से घर भेजा गया।जहां परिजन उसके दाह संस्कार की तैयारी कर रहे थे इसी बीच कुछ स्थानीय राजनीति से जुड़े अराजक तत्व और गुंडों द्वारा वसूली की नियत से ब्लैकमेल किया जाने लगा और डॉक्टर पर एफ आई आर दर्ज कराई गई। इसे लेकर डॉ अर्चना कई दिनों से आहत चल रही थी।घटना को लेकर पूरा चिकित्सक समाज आहत है। उन्होंने कहा कि मामले की स्वस्थ जांच होना चाहिए और दोषी लोगों को सजा मिलनी चाहिए।बैठक के दौरान कई स्थानीय चिकित्सक भी मौजूद रहे।

# पत्रकार समाज का असली दर्पण होता है : विधायक बारा



अखंड भारत संदेश

**जसरा।** तहसील स्थित सभागार में पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के होली मिलन व तहसील इकाई बारा का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक बारा डॉ वाचस्पति ने सम्बोधित करते हुए कहा कि न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका के असल दर्पण पत्रकार होते हैं जो सभी से आंख से आंख मिलाकर प्रश्न करने की हिम्मत रखते हैं। माल्यार्पण, तिलक व इत्र लगाकर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तहसीलदार बारा गणेश सिंह ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप योजनाओं को समाज के सबसे निचले पायदान तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अहम होती है। तहसील इकाई बारा के निर्वाचित पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष प्रयागराज सुभाष शुक्ला द्वारा शपथ दिलाई गई।

तहसील अध्यक्ष आशीष मिश्र सहित सभी पदाधिकारियों का विधायक द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी बारा विमल किशोर मिश्रा, डॉ विनोद त्रिपाठी, कमलाकर सिंह ने अपने विचार रखे। कोरांव एवम करछना से आये पत्रकारों को डायरी व मैं हूँ बारा का कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पी सी पाण्डेय, सुरेन्द्र पाण्डेय, ज्ञानेंद्र पाठक, अनूप जायसवाल, सोनू भटनागर, सुमन्त भार्गव, दीपक पाण्डेय, आलोक पाठक,नावेद खान, जीतेन्द्र शुक्ल, के के मिश्रा, पुष्कर शुक्ला, आशुतोष त्रिपाठी, मनोज बिंद, ज्ञानचन्द्र साहू, राकेश मिश्रा, महेश प्रसाद त्रिपाठी, राकेश कुशवाहा, नईम अहमद, माजिद अहमद, राम प्रताप, इंद्रजीत मिश्रा, दीप चन्द्र शुक्ला, मनोज केसरवानी, मो अली, निर्भय शंकर दुबे, पवन पाल व समाजसेवी मुकेश द्विवेदी व सर्किल के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। संचालन आंनद जायसवाल ने किया।

### जसरा में पुश्तैनी पेड़ पर कब्जे की किया शिकायत

**जसरा।** जसरा के एक गांव में नाना के समय के फलदार वृक्ष पर पड़ोसी ने कब्जा किए जाने की शिकायत उप जिलाधिकारी बारा से की है। जसरा के अमरेहा गांव निवासी विनोद कुमार कुशवाहा ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह अपने परिवार सहित अमरेहा गांव स्थित ननिहाल में लगभग 40 वर्ष से निवास करता चला आ रहा हूँ। प्रार्थी के नाना स्वर्गीय गोपीनाथ की आबादी कि भूमि पर लगभग आज से 50 वर्ष पूर्व फलदार वृक्ष लगाकर उपयोग करते आ रहे हैं। नाना की मृत्यु के बाद उनके दामाद तथा पीड़ित के पिता रामपाल कुशवाहा वृक्षों का उपयोग व निवास करते रहे। किंतु रामपाल की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र उन बच्चों के कली का उपयोग करने का प्रयास किया लेकिन आरोप है कि पड़ोस के एक व्यक्ति ने जबरन कब्जा कर लिया तथा पीड़ित के वृक्षों को हानि पहुंचाने लगा तो पीड़ित ने पड़ोसी को मना किया। जिस पर पड़ोसी मारपीट पर आमादा हो गया तथा गाली गलौज करने लगा। पीड़ित का कहना है कि 50 वर्ष पुरानी महुआ के वृक्ष को कटवा देने की धमकी भी देने लगा। पीड़ित ने उप जिलाधिकारी बारा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की तथा फलदार वृक्ष पर पूर्ण हक दिलाने की मांग की है।

# पारिवारिक कलह से ऊब कर वृद्ध ने ट्रेन से कट कर दी जान

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** पारिवारिक कलह से अजिज आ कर रविवार को वृद्ध ने ट्रेन से कटकर आत्म हत्या कर ली। जी आर पी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा कस्बा के पूरे मियां जी स्टेशन रोड निवासी अब्दुल मजीद 65 वर्ष पुत्र इमाम उद्दीन रविवार को सुबह मऊआइमा रेलवे स्टेशन के पास प्रयागराज से आ रही ट्रेन से कट कर आत्म हत्या कर ली। बताया गया कि अब्दुल मजीद के तीन पुत्र क्रमश मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद मजीद तथा एक पुत्री तबस्सुम बानों है।सभी की शादी हो चुकी है।बताते हैं की अब्दुल मजीद की पत्नी का पूर्व में देहशांत हो चुका है।सभी पुत्र अलग रहते हैं। पिता अब्दुल मजीद को कोई ख्याल नहीं करता था ।और भोजन आदि के लिए कोई पूछता नहीं था। जिससे तंग आकर अब्दुल मजीद ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची जी आर पी पुलिस की टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

### घर का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों के जेवरात पर किये हाथ साफ

**मऊआइमा।** घर का ताला तोड़कर चोरों ने कमरे में रखे सन्दूक का ताला तोड़कर सोने ,चांदी के जेवरात सहित हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जाजापुर निवासी राम दुलारे पुत्र भय्याराम का परिवार घर में ताला बंद कर कहीं गया था।राम दुलारे का कहना है कि जब वह वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा था।तथा संदूक खुला था। जिसमें रखा सोने चांदी के हजारों का जेवरात चोर चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत

अखंड भारत संदेस



**मेजा रोड।** मेजा पब्लिक स्कूल के दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि रहे पूर्व प्रधानाचार्य प्रयाग शुक्ल ने कहा, छात्रों के प्रोत्साहन से उनमें और वेहतर करने की ललक पैदा होती है। प्रत्येक स्कूल और कॉलेजों में छात्रों के मनोबल बढ़ाने वाले आयोजन किए जाने चाहिए। श्री शुक्ल ने कहा कि स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रत्येक कक्षा के पांच मेधावी छात्रों और स्कूल शिक्षकों को उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए सम्मानित किया जाना एक अच्छी पहल है।इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और शिक्षकों को आत्म गौरव की अनुभूति होती है। इस तरह के प्रयास स्कूल के माहौल को वेहतर बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि रहे व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि शिक्षा तभी कारगर होती है जब स्कूल में छात्रों को प्रोत्साहित करने वाले आयोजन होते हैं। परिसर का अनुशासन और शिक्षा के अनुकूल माहौल छात्रों का मनोबल बढ़ाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष बाबा तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि जिस सोच के साथ स्कूल संचालित किया गया था, उसे कुशल प्रबंधन और गुणवत्ता परक शिक्षा के जरिये ऊंचाई देने का सतत प्रयास रहा है।डायरेक्टर डॉ अमरेश तिवारी ने कहा कि स्कूल टीम के प्रयास और अभिभावकों के विस्वास से हमने ऊंचाई हासिल की है। छात्रों के वेहतर भविष्य के लिए प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में केजी से आठवीं कक्षा तक के कुल 50 मेधावी बच्चों को पुरष्कृत किया गया। स्कूल के पांच टॉपर छात्रों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए कई शिक्षको को भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में श्रीमती भानुमती तिवारी, ओ पी पांडेय, अनिल शुक्ल, शिक्षक सुभाष पांडेय, ओम शंकर, ओ पी मिश्र, चारुल तिवारी, काव्या द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### मंसुरिया धाम लालापुर में नवरात्र पर उमडी भक्तों की भीड

**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र में प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां मंसुरिया धाम में चैत्र नवरात्र प्रारंभ होते ही भक्तों का तांता लगा शुरू हो गया है। पहले दिन ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा।यह सिद्ध पीठ मां मंसुरिया धाम प्रयागराज जिले के अलावा अन्य कई जिलों के लोग दर्शन करने आते हैं। कौशाम्बी चित्रकूट प्रतापगढ़ और मध्य प्रदेश से भी लोग दर्शन करने आते हैं।यह सिद्ध पीठ अपने आप में एक अलग ही महिमा का बखान करतीं हैं। इनके दर्शन करने से लोगों का कष्ट दूर हो जाता है।और लोगों कि जो मूरादे होती है। कभी खाली नहीं जाती है।उनकी मनोकामना पूरी होती है।हर वर्ष मां मंसुरिया धाम का दोनों ?पक्षो में मां का दरबार सजता है।एक माह अगहन में भी 15दिनो का मेला लगता हैं। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।और मां दर्शन कर जाते हैं।आज सुबह से ही लालापुर थाना प्रभारी शेर सिंह यादव अपने टीम के साथ पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे। जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो।नव दिनों का यह मेला ?काफी भीड़ भाड़ होती है जिसके लिए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहती है।

# राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा में प्राविधिक शिक्षा परिषद की परीक्षा नकल विहीन सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास में नकल विहीन परीक्षा में शामिल छात्र-छात्रायें निगरानी करते प्राचार्य

**मेजा।** राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा में विगत 22 मार्च से संचालित प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ विषय सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन सम्पन्न हो गयी। उक्त आशय की जानकारी राजकीय महिला पालीटेक्निक के प्राचार्य शैलेन्द्र विक्रम ने देते हुए बताया कि इस परीक्षा में संस्थान की 382 छात्रायें एवं शिवा जी इस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी एवं मैनेजमेन्ट करछना, प्रयागराज के 282 छात्र-छात्राओं परीक्षा हेतु पंजीकृत थे जिसमें 29 छात्र-छात्रायें अनुपस्थित रही। इस दौरान कुल 634 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। गौरतलब है कि संस्थान के प्राचार्य एवं केन्द्र अधीक्षक की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करायी गयी परीक्षा में संस्था के व्याख्यातागण श्रीमती कविता कमल, सुनीता कुमार शाह, धनन्जय कुमार सिंह, त्रिलोक कुमार पाठक, मोनिका मौर्या, श्रद्धा सिंह, माया दिवाकर, संतोष मण्डल तथा राजेन्द्र प्रसाद के अलावा लाल बहादुर शास्त्री पालीटेक्निक माण्डा के अध्यापकों का भी नकल विहीन परीक्षा सम्पन्न कराने में खासा सहयोग रहा।

### खबर संक्षेप

## पूर्व आईएएस लक्ष्मी कांत शुक्ला की जयंती मनाई गई

**सहसों।** मेधा संस्थापक पूर्व आईएएस एवं छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति छात्रवृत्ति की सुविधा दिलाने के लिए सदैव संघर्ष करने वाले लक्ष्मी कांत शुक्ला को उनके 69 वां जन्मदिन मनाया गया। इसी क्रम में सहसों चौराहे पर संगोष्ठी के माध्यम से उनकी जयंती मनाई गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए राम सजीवन शुक्ला ने कहा कि छात्रों को आर्थिक आधार पर शुल्क प्रतिपूर्ति और छात्रवृत्ति की सुविधा तथा जाति मुक्त संविधान की परिकल्पना करने वाली लक्ष्मी कांत शुक्ला को सेवा काल में ही जाति राज पुस्तक लिखने के कारण पूर्व की बसपा सरकार की उत्पीड़न का शिकार होना पड़ा इसके बावजूद भी वे डिगे नहीं और शिक्षा जातिगत आरक्षण के सवाल पर सड़क से सर्वोच्च न्यायालय तक आखरी सांस तक लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि एससी एसटी का दुरुपयोग कर सवर्णो का उत्पीड़न किया जा रहा है। हम लोगों को इसके प्रति जन आंदोलन करना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश चंद शुक्ला, रवि त्रिपाठी, रमा शंकर शुक्ला, जय कृष्ण पाण्डे आदि रहे।

# पूर्व विधायक अशरफ की 150 बीघे की अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** योगी सरकार 2.0 में भी अपराधियों के खिलाफ जबर्दस्त कार्रवाई जारी है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने बाहुबली माफिया और पूर्व सांसद अशरफ की 150 बीघे क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला दिया। बुलडोजर से प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। पीडीए का दावा है कि बिना ले आउट स्वीकृर कराए ही प्लाटिंग की जा रही थी। प्रयागराज-कौशाम्बी जिले की सीमा पर रावतपुर गांव में पूर्व सांसद अतीक अहमद के भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ के द्वारा 150 बीघा क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग कराई जा रही थी। इसका लेआउट प्लान स्वीकृत नहीं कराया गया था। पीडीए ने इसके लिए नोटिस भी जारी किया था लेकिन ले आउट के लिए कोई आवेदन नहीं आने पर बुलडोजर से सारी प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।



**अतुल नाम का व्यक्ति करता था देखरेख :** बताया जाता है कि अशरफ की इस प्लाटिंग का काम अतुल नाम का व्यक्ति करता था। उसकी देखरेख में जमीन की खरीद-बिक्री के साथ ही प्लाटिंग की जा रही थी। पीडीए के अधिकारी रविवार को बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया। बुलडोजर से सारी प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया गया। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को देखकर माफिया के गुर्गे भाग खड़े हुए।

**पूरे इलाके में तैनात रही फोर्स :** यूपी में योगी सरकार 2.0 की शुरूआत के बाद से ही प्रयागराज विकास प्राधिकरण एक्शन के मोड में आ गया है। शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफ पीडीए की ओर से लगातार चल रही कार्रवाई में रविवार को छुट्टी के दिन भी कार्रवाई का क्रम जारी रहा। पूर्व विधायक व बाहुबली सांसद रहे अतीक अहमद के छोटे भाई अशरफ के 150 बीघे जमीन पर हुई अवैध प्लाटिंग के खिलाफ पीडीए अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए प्लाट खाली कराया। शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ कार्रवाई में रविवार की दोपहर पीडीए के अधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल के साथ धूमनगंज क्षेत्र में पहुंचे। पीडीए टीम ने सबसे पहले नसीरपुर सीलना में अचला इंन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड के केशव सिंह द्वारा 25 बीघे जमीन पर चल रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया। इसके बाद टीम रावतपुर में यूनाइटेड मेडिकल कालेज के सामने अतुल द्विवेदी और मकबूल के द्वारा तीन बीघे पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर हुए निमार्णों को ध्वस्त किया।

**इलाके में मचा रहा हड़कंप :** आखिर में भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ पीडीए के संयुक्त सचिव/ जोनल अधिकारी के नेतृत्व में रावतपुर में अतुल द्विवेदी और पूर्व विधायक अशरफ के द्वारा करीब 150 बीघे से अधिक के क्षेत्रफल में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग पर पहुंची। ले आउट न दिखा पाने पर प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल को तैनात किया गया था। जिससे पीडीए की कार्रवाई को कोई विरोध ना हो सके। इस कार्राई से हड़कंप मचा रहा।

**खरीदने से पहले चेक कर लें प्लाट का लेआउट : वीसी पीडीए :** पीडीए के अधिकारियों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों को लगातार सचेत किया जा रहा है कि वह विकसित की जा रही प्लाटिंग का ले-आउट प्राधिकरण से पास करा लें। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। पीडीए वीसी अरविंद कुमार चौहान के मुताबिक किसी भी विकसित हो रहे प्लाटिंग में भूखंड लेने से पहले आम जन इस बारे में पता लगा लें कि उसका लेआउट पीडीए से पास है या नहीं। अगर पीडीए से लेआउट पास नहीं है, तो ऐसे किसी भी आवासीय योजना में प्लाट ना लें। क्योकि अवैध प्लाटिंग होने के कारण पीडीए की ओर से की जाने वाली कार्रवाई में उनको दिक्कत उठानी पड़ेगी।

# झूंसी के होटल में लखनऊ की युवती से दुष्कर्म, आरोपी फरार

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** प्रॉपर्टी का काम करने वाली लखनऊ की युवती से झूंसी के अंदावा स्थित एक होटल में दुराचार का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने 108 पर फोन कर एम्बुलेंश बुलाया और सीधे थाने पहुची घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई।

देवरिया की रहने वाली एक 20 वर्षीय लड़की लखनऊ में अपने भाई के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती है। प्रॉपर्टी के सिलसिले में झूंसी के राजकुमार ने फोन कर रविवार को युवती को झूंसी बुलाया जमीन दिखाया बाद में उसे अंदावा स्थित एक होटल में ठहराया जहा नास्ते में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर होटल से फरार हो गया। पीड़िता ने 108 पर फोन कर एम्बुलेंश बुलाया और एम्बुलेंश से ही थाने पहुची लिखित शिकायत करते हुए आप बीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी राजकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा। बताया जाता है कि पीड़िता पहले भी जमीन के कारोबार के लिए आरोपी युवक से मिलने झूंसी आ चुकी है।

### होटल में हो चुकी है कई रेप की घटना

स्थानीय लोगो की माने तो होटल एक भाजपा नेता का है यहाँ आये दिन लड़के लड़किया रंगरलिया मनाने आते है और हंगामा भी होता है जिसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को भी है पर मालिक रसूख के आगे पुलिस बौनी नजर आती है। बीते जनवरी माह में भी जौनपुर की एक युवती के साथ इसी होटल में रेप के बाद वीडियो बनाया गया था। पखवारे भर पहले वीडियो वायरल हुआ तब मामला प्रकाश में आया।

# पानी की किल्लत : जूझ रहे गॉवों मे पेयजल की पूर्ति कराना ही मूल उद्देश्य : अनिल कुमार

### मेजा ऊर्जा निगम ने किया सौर ऊर्जा संचालित लघु जल परियोजना का शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** गर्मी के दिनों में पानी की कमी से जूझ रहे दक्षिणांचल के गॉवों में जल ज्योति मिशन के तहत सौर ऊर्जा संचालित, लघु जल परियोजना के माध्यम से गॉव में पानी उपलब्ध कराना साथ ही साथ इस मूलभूत समस्या का समाधान कराना ही मुख्य उद्देश्य है। उक्त उद्गार मेजा ऊर्जा निगम के कार्यवाही अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बीते एक अप्रैल को सलैया खुर्द गॉव में सौर ऊर्जा संचालित, लघु जल परियोजना कार्य का शुभारम्भ करने के दौरान व्यक्त किये। उन्होनें कहा है कि इस परियोजना के तहत मई कला, मई खुर्द, बिजौरा, इसौटा, पताई और सलैया खुर्द मैं पानी की टंकी तथा स्टैण्ड पोस्ट स्थापित किये जायेगें। श्री सिंह ने कहा कि इस परियोजना दक्षिणांचल के प्रत्येक गॉवों में कम से कम पच्चीस से तीस परिवारों को लाभ होगा। गौरतलब है कि मेजा ऊर्जा निगम द्वारा की गयी इस पहल की सराहना करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि गर्मी के दिनों में पानी की कमी एक आम समस्या बन गयी है इस परियोजना के संचालित होने से काफी हद तक समस्या समाप्त हो जायेगी। उन्होनें बताया कि मेजा ऊर्जा निगम की इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पानी की कमी से जूझ रहे आस-पास के गॉवों की पेयजल की आवश्यकता को पूरा करना है। इस मौके पर अखिल केपी पटनायक अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सुरेश यादव ग्राम प्रधान सलैया खुर्द, उपमहाप्रबंधक (आर एण्ड आर) सीपीएस निरंजन, शुभदीप शोम उप महाप्रबंधक (मनव संसाधन), दुर्गा प्रसाद सहा0 प्रबंधक (आर एण्ड आर) श्रीमती अस्मिता असवाल अधिशाषी (सीएसआर) के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहें।



सौर ऊर्जा संचालित लघु जल परियोजना का शुभारम्भ करते निगम के अधिकारी।

### मुगलों के धुर विरोधी रहे शिवाजी महाराज

**सहसों।** दुश्मनों से हमेशा लोहा मरवाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज अपने देश के प्रति मां भारती को प्रणाम करते हुए उन्होंने दुश्मनों को कई बार परास्त करते हुए मुगलों के हमेशा से धुर विरोधी रहे। छत्रपति शिवाजी स्वराज्य के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष करते रहे। शिवाजी महाराज के पुण्यतिथि पर छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी को कालेज के प्रबंधक एवं भाजपा नेता अनिरुद्ध सिंह पटेल सहित अन्य शिक्षकों ने शिवाजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा शिवाजी महाराज अपनी बहादुरी, रणनीति और प्रशासनिक कौशल के लिए प्रसिद्ध थे। शिवाजी महाराज हमेशा मां भारती की प्रति समर्पित एवं सजग प्रहरी बनकर स्वराज्य और मराठा विरासत को एकजुट करने पर ध्यान केन्द्रित किया। उन्होंने कहा छत्रपति शिवाजी महान योद्धा, कुशल प्रशासक तथा छापामार युद्ध में निपुणता के चलते मुगल शासक को परास्त करते हुए जीत हासिल की। वे जीवन पर्यंत स्वराज की स्थापना के लिए संघर्ष करते रहे तथा अंतिम समय में चिंता के कारण रायगढ़ के महल में 3 अप्रैल 1680 को अंतिम सांस ली। हम सभी को उनके जीवन चरित्र, बहादुरी, दृढ़ संकल्प व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर पुष्पेंद्र सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , पुष्कर सिंह पटेल, राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, संदीप द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# मेरठ में तैनात पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर चल रही विभागीय कार्रवाई पर रोक : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ के थाना सदर बाजार में तैनात रहे पुलिस इंस्पेक्टर बृजेंद्र पाल राणा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर चल रही विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों से 4 सप्ताह में जवाब मांगा है। याची वर्तमान में बतौर पुलिस इंस्पेक्टर मेरठ में तैनात है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने इंस्पेक्टर बृजेंद्र पाल राणा की याचिका पर दिया है। याची इंस्पेक्टर की ओर से उपस्थित सीनियर अधिवक्ता विजय गौतम और इशिर श्रीपत का कहना था कि याची 2021 में थाना सदर बाजार जनपद मेरठ में बतौर इंस्पेक्टर कार्यरत था। तब उसके खिलाफ सदर बाजार थाना मेरठ में मुकदमा दर्ज हुआ। शिकायतकर्ता विकार अमीर ने याची पर पैसा लेने का आरोप लगाया था। इस क्रिमिनल केस के खिलाफ याची इंस्पेक्टर ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की। जिसमें उसे अग्रिम जमानत मिल गई। कोर्ट ने ररढ, मेरठ को निर्देश दिया था कि वह इस क्रिमिनल केस की जांच एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारी से कराएं। भ्रष्टाचार के इस मामले में याची के खिलाफ क्रिमिनल केस के आधार पर विभागीय चार्जशीट देकर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई। 2 सितंबर, 2021 के आदेश से इंस्पेक्टर के खिलाफ यूपी अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दंड और अपील) नियमावली 1991 के नियम 14 (एक) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उसे आरोप-पत्र दिया गया। आरोप लगाया गया है कि उन्होंने मुजफ्फरनगर के जमीर आमिर को ट्रक चोरी के केस में पूछताछ के लिए बिना किसी अधिकार के अवैधानिक रूप से जनपद मुजफ्फरनगर से लाकर निरुद्ध किया। 50 हजार घूस के रूप में लेने के बाद उसे धमकाया गया। याची इंस्पेक्टर की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि याची के खिलाफ विभागीय कार्रवाई पहले दर्ज त्रक्षक्रको आधार बनाकर की जा रही है। कहा गया कि क्रिमिनल केस के आरोप और विभागीय कार्रवाई के आरोप एक समान हैं और साक्ष्य भी एक ही है। बहस की गई कि सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट कैप्टन एम पाल एंथोनी और पुलिस रेगुलेशन के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अधिवक्ताओं का कहना था कि यह प्रतिपादित सिद्धांत है कि जब आपराधिक और विभागीय कार्रवाई एक ही आरोपों को लेकर चल रही है। इसलिए विभागीय कार्रवाई आपराधिक कार्रवाई के निस्तारण तक स्थगित रखी जाए। कहा गया कि याची के खिलाफ की जा रही कार्रवाई द्वेषपूर्ण और गलत है। कोर्ट ने पक्षों को सुनने के बाद विभागीय कार्रवाई पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी है।

# विवाहिता के पेट पर प्रहार कर उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में एक विवाहिता के पेट में वजनी सामान से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया है मामले की सूचना मिलते ही मायके के लोग पहुंच गए हैं और विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई है।

घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना के सल्लहा गांव की सुषमा देवी उम्र 22 वर्ष की शादी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी अखिलेश कुमार उर्फ राजू से 11 मई 2021 को हुई थी शादी के बाद से ही ससुराल में सुषमा का उत्पीड़न शुरू हो गया रविवार की दोपहर महुआ का फूल बीनने के विवाद में सुषमा के पेट में वजनी सामान से लगातार प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया है मामले की सूचना मिलते ही सुषमा के मायके के लोग मौके पर पहुंच गए हैं बेटी की हत्या किए जाने की तहरीर परिजनों ने पुलिस को दिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने सुषमा की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### विवाहिता की हत्या के बाद उसके पति की भी हुई मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव में सुषमा को गंभीर अवस्था में यह सोचकर पति अखिलेश जिला अस्पताल लाया था कि वह अभी जिंदा हो गी लेकिन जिला अस्पताल आने पर बताया गया कि सुषमा की मौत हो चुकी है जहां सुषमा के मायके के लोग भी पहुंच गए हैं बताया जाता है कि सुषमा के पति अखिलेश कुमार पर सुषमा की हत्या का आरोप लगाते हुए मायके के लोगों ने जिला अस्पताल में दिनदहाड़े अखिलेश कुमार से मारपीट शुरू कर दी मायके के लोगों के बीच घिरे अखिलेश कुमार जान बचाकर बाइक से भागा ओसा समदा के बीच सड़क पर उसकी मौत हो गई है कुछ लोगों का कहना है कि मायके के लोगों ने पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया कुछ लोगों का कहना है कि सड़क दुर्घटना में अखिलेश की मौत हुई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अखिलेश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### अनियंत्रित कार ने राहगीरों को मारी टक्कर कई दर्जन घायल

**हनुमानगंज।** वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर रविवार की दोपहर एक अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे खड़े आठ लोगों को टक्कर मार दी। कार सहित भाग रहे चालक को लोगो ने पकड़कर जमकर धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। घटना के बाद वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया था। बताया जाता है कि झूंसी से वाराणसी की ओर जा रही एक काली कलर की तेज रफ़्तार कार हनुमानगंज नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के सामने आगे चल रहे बाइक सवार दो लोगो को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे परिवार सहित आधा दर्जन महिला, पुरुष व बच्चो को उड़ा दिया। टक्कर मार भाग रहे कार चालक लालगोपालगंज निवासी अफसर फारूकी को लोगो ने पकड़ कर घुन दिया और सूचना पर पहुची पुलिस को सौप दिया। हादसे घायल बाइक सवार काली चरण निवासी मरदापुर हंड़िया, कमलेश(40) निवासी रसूल बारो उतरांव व सड़क के किनारे खड़े सुदनीपुर कला निवासी वीरबल(30) उनकी पत्नी सावित्री(28) पुत्री कोमल(9) एवं भतीजी आंचल(16) पुत्री संतोष और आलोक (22) को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मां दुर्गा झांकी के साथ निकाली नव संवत्सर की शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश





**सहसों।** नव संवत्सर 2079 सनातन नववर्ष के उपलक्ष्य में सहसों बाजार में रविवार को मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण आचार्य के नेतृत्व में श्री राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर सहसों बाजार होते हुए भोपतपुर पंडित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज से घूम कर सहसों बाईपास से इनायतपुर माता चौरा होते हुए सहसों गोल चौराहा पहुंचकर हनुमानगंज रोड, कसेरूआ कला, झूंसी रोड लाला बाजार होते हुए फाफामऊ रोड स्थित दुर्गा मंदिर से वापस होकर गोल चौराहा स्थित पुराना कोल्ड स्टोर समाप्त हुआ। जिसमें क्षेत्र के कई गांव के भक्त भारी संख्या मे एकत्रित होकर में शामिल हुए। शोभायात्रा में दर्जनों की संख्या में आधुनिक वाद्य यंत्र के साथ धर्म का प्रतीक भगवा ध्वज तथा तिरंगा को लहराते हुए भारत माता की जय, जय श्री राम,जय माता दी,हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। शोभायात्रा में शामिल लोग अबीर गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर थिरकते हुए चल रहे थे। समापन पर फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा सनातन हिंदू धर्म के प्रति आस्था एवं हिन्दू नववर्ष की शुरूआत के अवसर पर लोगों की अटूट श्रद्धा एवं विश्वास सदियों से चली आ रही है जो आज भी बरकरार है। इस अवसर पर फूलपुर के ब्लाक प्रमुख वीपेंद्र सिंह पटेल, दुर्गा शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, भूमि विकास बैंक फूलपुर अध्यक्ष वीरेन्द् बहादुर सिंह, अशोक तिवारी ने भी संबोधित किया। शोभायात्रा में उद्योगपति कैलाश केसरवानी, ग्राम प्रधान सहसों विष्णु केसरवानी, इंजीनियर बद्री सिंह, देवराज उपाध्याय, वंश बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, संजय सिंह, अनिल सरोज, जितेन सिंह पटेल, नरेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र केसरवानी, टी एन सिंह, सत्यम तिवारी, रोहित सिंह, मनोज तिवारी, प्रहलाद मोदनवाल, आलोक कुमार सिंह सहित भक्त भारी संख्या में गणमान्य लोग शामिल रहे।

# सोरांव में रेलवे ट्रैक पर कूदकर बुजुर्ग ने दी जान,मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मऊआइमा स्टेशन के समीप ट्रेन के आगे बुजुर्ग ने कूदकर बुजुर्ग ने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची जीआरपी टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि रविवार को डाउन एचपीटीआर टैंक गाड़ी प्रतापगढ़ से प्रयागराज की तरफ तथा गैरीगंज माल वाहक प्रयागराज से प्रतापगढ़ की तरफ जाते समय क्रासिंग के लिए मऊ आइमा रेलवे स्टेशन पर रुकी थी। गौरीगंज माल वाहक के जाने बाद टैंक वाली गाड़ी जानी शुरू ही हुई थी कि मऊआइमा के मियां जी का पूरा निवासी अब्दुल मजीद (65) पुत्र इमामुद्दीन ने ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया जाता है कि मृतक के तीन बेटे मो. आरिफ, मो.वशीम ,मो.मोबीन व एक पुत्री तबस्सुम बानो की शादी हो चुकी है । वहीं, बुजुर्ग अपने बच्चों की आश्रय पर रहता है।स्थानीय लोगों की मानें तो घरेलू कलह से तंग आकर आत्महत्या किया है । बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### छह बच्चों की मां भांजे के साथ फरार

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के बरेठी बगिया में छह बच्चों की मां अपने प्रेमी भांजे के साथ फरार हो गई । पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मासूम बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। बरेठी बगिया गांव निवासी एक व्यक्ति मजदूरी करके परिवार का गुजर-बसर करता है। उसके छह बच्चे हैं। 30 मार्च की रात मजदूर की पत्नी बेटी से शौच के लिए बताकर निकली, लेकिन वह लौटकर वापस नहीं आई। पीड़ित मजदूर ने सुबह संभावित स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। दिन में मजदूर की पत्नी ने उसके मोबाइल पर फोन करके कहा कि मैं बहुत दूर जा रही है मुझको खोजना मत। अपने बच्चों और परिवार को तुम संभालो। मेरे चक्कर में न रहो। पीड़ित मजदूर ने यह भी बताया कि इसके पहले भी वह अपने भांजे के साथ भाग गई थी, लेकिन लौटकर आने पर गलती मानने पर रख लिया था। वहीं दूसरी बार भाग जाने से पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मासूम बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।

# जल्द बढ़ सकते हैं पीसीएस के पद

### तहसीलों में दो एसडीएम तैनात करने की तैयारी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आने वाले दिनों में प्रदेश में पीसीएस अफसरों के पद बढ़ाए जा सकते हैं। तहसीलों में प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों के लिए दो-दो एसडीएम की नियुक्ति की तैयारी है। इससे तहसील स्तर पर लंबित मुकदमों की संख्या में कमी तो आएगी ही, साथ ही प्रशासनिक कार्य भी सुचारु ढंग से निपटाए जा सकेंगे। एसडीएम तथा तहसीलदार पर कार्यों का दबाव बढ़ गया है। इस वजह से मुकदमों की सुनवाई पर असर पड़ा है। नतीजतन, ज्यादातर तहसीलों में लंबित मुकदमों की लंबी सूची तैयार हो गई है। इसके समाधान के लिए कुछ तहसीलों में न्यायिक कार्यों के लिए एक अतिरिक्त एसडीएम या तहसीलदार की नियुक्ति की गई है। अब इसे विस्तार देने की योजना बनाई गई है। नियुक्ति शासन के स्तर पर की जानी है। अफसरों के अनुसार इस पर सहमति पहले ही बन चुकी थी। अब फिर से इसके लिए कवायद शुरू की गई है। पहले चरण में एसडीएम की संख्या को देखते हुए मुकदमे के ज्यादा दबाव वाली तहसीलों में अतिरिक्त नियुक्ति की बात कही जा रही है। हालांकि, इस बाबत मंडलायुक्त संजय गोयल तथा डीएम संजय कुमार खत्री ने कुछ भी बोलने से इनकार किया। मंडलायुक्त ने इतना जरूर कहा कि जरूरत को देखते हुए अतिरिक्त एसडीएम या तहसीलदार नियुक्त किए जाने हैं। हंडिया में जल्द तैनाती की उम्मीद प्रयागराज में अभी सदर तहसील में न्यायिक कार्यों के लिए एक अतिरिक्त एसडीएम को न्यायिक कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है। हंडिया में भी जल्द तैनाती की उम्मीद है। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि इस बाबत कानूनी पहलुओं को देखा जा रहा है। इसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। प्रतियोगियों के लिए बढ़ेंगे अवसर तहसीलों में दो अफसरों की तैनाती के लिए एसडीएम या तहसीलदारों की संख्या बढ़ानी होगी। नियुक्ति विभाग ने एसडीएम के 73 पदों पर प्रोन्नति के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया है। इसके अलावा 39 नए पदों पर भर्ती के लिए भी अधियाचन भेजा है। आयोग पीसीएस-2022 के माध्यम से ही 39 पदों पर भर्ती करेगा। इसके लिए विज्ञापन निकाला जा चुका है। ऐसे में

### छात्रों की संख्या घटने के चलते असिस्टेंट प्रोफेसर के 1600 पदों पर भर्ती फंसी

**प्रयागराज।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के तकरीबन 1600 पदों पर भर्ती फंस गई है। जनशक्ति निर्धारण के तहत इन पदों पर भर्ती की संस्तुति नहीं की गई। कॉलेजों में छात्रों की संख्या कम होने के कारण असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों की संख्या भी प्रभावित हो रही है। उच्च शिक्षा निदेशालय ने शासन से पूछा है कि इन पदों को समाप्त करना है या भर्ती होनी है। शासन की ओर से अब तक कोई जवाब नहीं दिया गया है। स्थित स्पष्ट होने तक इन 1600 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया फंसी रहेगी। उच्च शिक्षा निदेशालय ने अशासकीय महाविद्यालयों से रिक्त पदों की सूचना मांगी थी। सभी जिलों से तकरीबन दो हजार पद रिक्त होने की सूचना मिली थी, लेकिन इस बीच शासन से जनशक्ति निर्धारण की व्यवस्था लागू कर दी। इसके तहत कॉलेजों में छात्र-शिक्षक अनुपात के आधार पर पदों की संख्या तय करनी थी। जनशक्ति निर्धारण के तहत पदों की गणना शुरू की गई तो तकरीबन 1600 पद ऐसे थे, जिन पर भर्ती की जरूरत नहीं थी। कॉलेजों में छात्र संख्या के अनुपात में ये पद कम हो गए। असिस्टेंट प्रोफेसर की नई भर्ती में इन पदों को शामिल किया जाएगा या नहीं, इस पर निर्णय होना बाकी है। यह शासन को तय करना है कि इन पदों का समाप्त किया जाए या भर्ती की जाए। महाविद्यालयों में छात्रों की संख्या घटने बढ़ने के चलते बढ़ी परेशानी उच्च शिक्षा निदेशालय के सूत्रों का कहना है कि कानपुर नगर समेत कुछ जिलों में अभी जनशक्ति निर्धारण नहीं हुआ है। वहां से सूचना आने के बाद पदों की संख्या और कम हो सकती है। निदेशालय ने शासन से पूछा है कि इन 1600 पदों का क्या किया जाए। जनशक्ति निर्धारण के बाद अफसरों को अब नई चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अगर इन पदों को समाप्त किया गया तो दोबारा इनका सृजन कर पाना मुश्किल होगा।पद को समाप्त करना तो आसान है, लेकिन नए पदों का सृजन करना कठिन है। निदेशालय के अफसरों का कहना है कि कॉलेजों में छात्रों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है। ऐसे में इंतजार किया जा सकता है। छात्र संख्या बढ़ने पर उसी के अनुपात में भर्ती के लिए पदों की संख्या में भी बढ़ेगी। फिलहाल अभी शासन से दिशा-निर्देश मिलने का इंतजार किया जा रहा है।।

# एसडीएम लालगंज पर नायब नाजिर की हत्या की रिपोर्ट दर्ज

## एसडीएम को निलम्बित कर गिरफ्तार करने की कर्मचारी उठा रहे मांग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एसडीएम लालगंज ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह का रुतबा तब तक लालगंज में कायम दिखाई दिया, जब तक उनके द्वारा बुरी तरह पीटा गया नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा की मौत नहीं हो गई। अब तो एसडीएम को गिरफ्तार करने, मृतक आश्रित को एक करोड़ का मुआवजा व नौकरी देने की मांग कर्मचारी संगठनों ने जोरदार ढंग से उठाई है। कर्मचारी की मौत के बाद से डीएम ने एसडीएम लालगंज को लालगंज से हटा दिया है। अब लालगंज में उनके आवास पर ताला लटक रहा है।

बता दें कि पांच दिन पहले 30 मार्च की शाम एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने होमगार्ड के डण्डे से सुनील को उसके घर के सामने ही बुरी तरह से पीटा था जिससे वह बेहोश हो गया था। वह चिल्लाता, कराहता अपनी गंभीर चोट दिखाता रहा, लेकिन एसडीएम के रुतबे के आगे प्रशासन ने उसकी एक भी नहीं सुनी और एसडीएम लालगंज वहीं तैनात रहकर उसकी मौत का इंतजाम करते रहे। घायल सुनील का इलाज कराने के लिये उसे इसलिये जिला मुख्यालय नहीं भेजा गया, कि कहीं एसडीएम साहब फंस न जाएं। घायल सुनील ने 31 मार्च को एसडीएम द्वारा होमगार्ड के डण्डे से पीटे जाने की तहरीर लालगंज पुलिस को दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और एसडीएम साहब इन आरोपों को नकारते रहे।



डाक बंगले में नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य

एक अप्रैल की शाम सुनील की तबियत ज्यादा बिगड़ी तो कर्मचारी नेताओं की सूचना पर सीएमओ वहां लालगंज गये और उसे इलाज के लिये जिला मेडिकल कालेज भेजवाया, जहां शनिवार की शाम सुनील ने दम तोड़ दिया, तब जाकर जिला प्रशासन की नींद टूटी। कर्मचारियों के आक्रोश को देखते हुए लालगंज कोतवाली में वहीं तैनात रहे एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह के विरुद्ध हत्या के रिपोर्ट भादवि की धारा 308, 323 के तहत दर्ज कर ली गई। देर रात जिलाधिकारी ने एसडीएम लालगंज को लालगंज से हटा दिया, तब जाकर एसडीएम लालगंज के रुतबे में कुछ कमी आई है। वैसे जब तक एसडीएम को निलम्बित कर गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक कर्मचारी चुप बैठने वाले नहीं हैं। आज रविवार को कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी तथा जिले के पदाधिकारियों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के डाक बंगले में बैठक कर आरोपी एसडीएम को गिरफ्तार करने, मृतक परिजनों को एक करोड़ की सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग उठाई है। इतना तय है कि नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा की मौत का दाग अब एसडीएम लालगंज से जल्दी छूटने वाला नहीं है। अभी तो उन्हें शासन से निलम्बित करने तथा उनको गिरफ्तार करने की मांग जोरों से उठाई जा रही है।

## नायब नाजिर की मौत पर प्रमोद व मोना ने जताई संवेदना

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील में तैनात नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना व सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी ने गहरा दुख जताया है। विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी ने संयुक्त बयान में नायब नाजिर सुनील की मौत को तकलीफदेह व दुर्भाग्यपूर्ण ठहराते हुए शासन से मृतक कर्मचारी के निराश्रित परिजनों को अधिकाधिक आर्थिक शासकीय सहायता फौरन उपलब्ध कराये जाने के साथ मुतक के निराश्रित को नियमों में शिथिलता बरतते हुए सरकारी सेवा में लिये जाने पर भी जोर दिया है। वही प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना ने मृतक नायब नाजिर की मौत को लेकर सम्पूर्ण घटना चक्र की उच्चस्तरीय निष्पक्ष प्रशासनिक जांच भी कराये जाने को कहा है। नेताद्वय का संयुक्त बयान रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने निर्गत किया है।

## मासूम बेटी के सिर से उठा बाप का साया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वर्षीय मासूम बेटी के सिर से माँ के बाद अब पिता का भी साया हट गया। वर्षों पहले सुनील की पत्नी की मौत हो चुकी है। मृतक के दो लड़के व एक छह वर्ष की मासूम बेटी है। माँ ने जन्म के कुछ वर्ष बाद ही साथ छोड़ कर चली गई तो पिता के प्यार ने माँ की कमी का एहसास नहीं होने दिया, लेकिन अब पिता का भी साथ छूटने से मासूम की जिंदगी जैसे प्रकाशहीन हो गई हो। बच्ची का चेहरा देख सभी का दिल रो बैठता है।

## महिला का मिला अधजला शव, हड़कंप

**प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ इलाके में शव मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। हाइवे किनारे महिला का अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने को शव जलाने की आशंका जताई जा रही है। समाचार भेजे जाने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। राहगीर ने शव देखा तो पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिये भेजा है। मामला संग्रामगढ़ थाने के नरई सलोन रोड़ के मिश्रन का पुरवा का है।

## आगजनी में गृहस्थी खाक

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के अमावा ग्राम सभा एक गऊ घाट में रविवार को अचानक हुई आगजनी में कई गृहस्थी जलकर खाक हो गयी। गांव के वंशी लाल वर्मा तथा छोटे लाल वर्मा के घर दोपहर अचानक आग लग गयी। आग की लपटों से अगल बगल के घरों में भी नुकसान पहुंचा है। आगजनी से गांव में अफरा-तफरी मच गयीं।

# श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रीमद भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाल कर सात दिवसीय कथा का शुभारंभ किया गया। बैंड बाजा व भक्ती गीतो से क्षेत्र भक्तमय हो उठा। क्षेत्र के लखनसेन पुर में रविवार को गाँव स्थित माता के दरबार से कलश यात्रा निकल कर जल निगम स्थित राम-जानकी मंदिर से होते हुए मण्डप में आकर कलश को स्थापित किया गया।

इस दौरान कथा वाचक श्री भार्गव मुनीष महाराज ने श्री मद भागवत कथा के विषय पर लोगों को उपदेश दिया। इस मौके पर आयोजक चन्द्र प्रताप सिंह व प्रेमा देवी ने स्वामी को वंदन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर भोंदू पाण्डेय, संजय सिंह, अमर बहादुर सिंह, नरसिंह सिंह, अरूण सिंह, प्रमोद सिंह, राजू सिंह, रजवन्त सिंह, सोनू सिंह आदि लोग रहे।



कलश यात्रा में शामिल कथावाचक मुनीष महाराज।

# गुरुजनों संग सभी को रुला कर विदा हुए बच्चे

## पांच उत्कृष्ट बच्चों को दी गई स्पोर्ट साइकिल, बच्चों एवं गुरुजनों की विदाई का हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** शिक्षा उन्नयन गोष्ठी के साथ विदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में संपन्न हुआ। डायट प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक मुहम्मद इब्राहीम ने खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता आशीष कुमार पांडेय तथा रतनलाल खंड शिक्षा अधिकारी कुंडा के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने गीतों के माध्यम से सरस्वती वंदना के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया।

मान्धाता विकासखंड के सभी सेवानिवृत शिक्षकों अजीत सिंह, अशोक कुमार सिंह, लालजी पांडेय, मुहम्मद वसीम, रामचंद्र त्रिपाठी, शकुंतला देवी को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर ससम्मान विदा किया गया। बच्चों ने स्कूल चलो अभियान गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के पांच उत्कृष्ट बच्चों शुभांगी सिंह, आस्था सिंह, आराध्या सिंह, ऋषि अग्रहरि, शिवांश गुप्ता को स्पोर्ट साइकिल प्रदान की गई तो उनकी खुशी का ठिकाना न रहा। कक्षा 8 के नामांकित सभी 111 बच्चों को उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक ऐसा क्षण आया जब बच्चों के विदाई गीत पर वहां उपस्थित मुख्य अतिथि सहित सभी शिक्षक, अधिकारी, अभिभावक व बच्चों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। बच्चे गुरुजनों से लिपट कर फूट-फूटकर रो रहे थे। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शाह आलम, डायट प्रतापगढ़ के कला प्रवक्ता शिव बहादुर सिंह बघेल, प्रवक्ता मनोविज्ञान अनूप कुमार यादव, प्रवक्ता गणित विजय कुमार, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मान्धाता कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अजमत अंसारी, फैयाद अहमद, विश्वनाथ प्रजापति, जियालाल मंत्री, व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार, पितामह यादव, आशा मिश्रा, अखिलेश सिंह, सत्येंद्र शुक्ला,राजेश कुमार गुप्ता, धर्मराज सिंह सुशील शुक्ला निर्भय सिंह अध्यक्ष लक्ष्मणपुर सुधीर मिश्रा गिरीश दत्त ओझा आदि शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम के आयोजक मुहम्मद फरहीम राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।



विदाई समारोह में बच्चों को साइकिल प्रदान करते डायट प्राचार्य मुहम्मद इब्राहीम।

## वार्षिकोत्सव में नन्हें मुन्हों ने मचाया धमाल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित हनुमंत पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव में नौनिहालों ने धमाल मचाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने माँ सारस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। बतौर मुख्य अतिथि संतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को संस्कारित शिक्षा दी जानी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक गौरी शंकर पाण्डेय व संचालन विकास पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में नौनिहालों को मुख्यअतिथि संतोष द्विवेदी ने पुरस्कृत भी किया। इस मौके पर सभासद रमेश जायसवाल, सभासद बृजेन्द्र पाण्डेय, चिंतामणि त्रिपाठी, दिनेश सिंह, बृजेन्द्र मिश्रा, शास्त्री सौरभ, सोनू मिश्रा, विनय पाण्डेय आदि रहे।

# व्यापार मण्डल के बैठक कर व्यापारी पुत्र के निधन पर जताया शोक

## परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शोकाकुल बैठक जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में जिला संगठन मंत्री राहुल केसरवानी के प्रतिष्ठान बाबागंज पर सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री संजय सोनी ने किया।

बैठक व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष श्री केसरवानी सहित समस्त पदाधिकारी व व्यापारी बन्धुओं ने दो दिन पहले शहर के पलटन बाजार निवासी चार व्यापारी परिवार के चार लड़के लुकमान पुत्र वसीम, इमरान पुत्र मोहम्मद शमीम (भारत मेडिकल स्टोर), इरशाद उर्फ गोलू पुत्र मुर्तजा (चंपा सुरती), अबू बकर पुत्र नन्हे फल वाले के बच्चों का लखनऊ जाते समय एक्सीडेंट हो जाने पर दर्दनाक हादसे में मृत्यु हो जाने के शोक संवेदना में किया। जिलाध्यक्ष श्री केसरवानी के साथ अनेक पदाधिकारी और व्यापारी पीड़ित परिजनों से मिलने हादसे के दिन ही उनके घर गए और सभी को आपात घड़ी में धैर्य बंधाया। लगभग चार दिनो पूर्व सीधे, सरल व मितव्ययी जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे जी का हृदयाघात में मृत्यु हो जाने पर भी जिलाध्यक्ष श्री केसरवानी आपने अन्य पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ स्व.पांडे के आवास पर जाकर उनके शव-यात्रा में सम्मलित हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन लाल बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन केसरवानी व सुरेश चन्द केसरवानी, जिला संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह, मनोज सिंह व धीरज उपाध्याय, विनय सिंह (भोला),नगर महामंत्री राहुल गुप्ता, सरदार वसिंदर सिंह, जिला युवा मंत्री अमित केसरवानी, सुनील जायसवाल, आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।



प्रतिष्ठान पर बैठक कर शोक जताते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

## रमेश चंद्र मिश्र के प्रधानाचार्य बनने पर हर्ष

**प्रतापगढ़।** आचार्य सदाशिव शिक्षा संस्थान, खरहर, रानीगंज में बैठक प्रबंधक डॉ श्याम शंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित कर रमेश चंद्र मिश्र को रामराज इंटर कॉलेज पट्टी का प्रधानाचार्य बनाए जाने पर खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मृत्युंजय प्रसाद, अश्विनी कुमार पाल, राघवेंद्र पांडेय, सचिन उपाध्याय, गायत्री तिवारी, आशुतोष खरे, विजय पांडेय उपस्थित रहे।

# महुआ बिनने के विवाद में तमंचा सटाकर जान से मारने का आरोप, दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** महुआ बिनने के चक्कर मे एक युवक को आरोपियों ने लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा, पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने अवैध तमंचा सटाकर जान से मारने की कोशिश किया। पीड़ित ने इस संबंध में कंधई थाने में पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पट्टी तहसील के कंधई थाना अंतर्गत गोई गांव के रहने वाले रोहित विश्वकर्मा पुत्र रमेश कुमार रविवार को कंधई थाना पहुंचा। उसने शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि रविवार की सुबह नौ बजे वह महुआ बिनने के लिए गया था। तभी उसके गांव के ही एक व्यक्ति और उसकी पत्नी एक राय होकर उसके पास पहुंचे और बिना कुछ कहे सुने उसे गाली देने लगे। पीड़ित ने ऐसा करने के लिए मना किया तो दोनों एक राय होकर लाठी-डंडे से पीटना शुरू कर दिया, जिससे उसे हाथ पैर और सिर में काफी चोटे आई। अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाया तो आरोपी उसके कनपटी पर तमंचा सटाकर जान से मारने के प्रयास किया लेकिन तब तक शोर-शराबा करने पर आसपास के लोग पहुंचे और पीड़ित की जान बचाई। पीड़ित ने थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी आज चार अप्रैल सोमवार को दिन में बारह बजे लालगंज नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होगें। इसके बाद श्री तिवारी सांगीपुर ब्लाक के रेहुआ लालगंज, मंगापुर, राजापुर, कुम्भीआइमा समेत कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेगे।

# ट्रैक ट्रॉयल के झाम में रात भर रही फंसी ट्रेनें, मुसाफिर परेशान

## इंटरसिटी और काशी के इंतजार में स्टेशन पर कटी रात , अंतू में डबल लाइन पर 120 की स्पीड को मिली मंजूरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतू से अमेठी के बीच डबल लाइन पर ट्रेन के संचालन की स्पीड को सीआरएस की मंजूरी मिल गई है। शनिवार को देर रात तक ट्रेन के ट्रायल का कार्य पूरा हो सका। इस चक्कर में ट्रेनों का संचालन रोक दिए जाने से प्रतापगढ़ लखनऊ रेल मार्ग करीब छः घंटे तक ठप रहा। जिस कारण कानपुर इंटर सिटी, दिल्ली से आ रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और जैसलमेर रास्ते में रोक दी गई। यात्री जागरण करने को मजबूर हुए। रहे। इनके इंतजार में लोगों को स्टेशन पर रात बितानी पड़ी। दोनो ट्रेन रविवार को सुबह प्रतापगढ़ पहुंची।

### पूरे लाव लश्कर के साथ डटे रहे सीआरएस और डीआरएम

बता दें कि अंतू में नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य शनिवार को पूरा होने के बाद सीआरएस शैलेश पाठक ने देर रात ट्रैक का ट्रॉयल शुरू किया। पहले ट्राली उसके बाद ट्रेन दौड़ाई गई। 120 की स्पीड को मंजूरी उन्होंने दे दी। लेकिन इस कार्य में काफी समय लग गया। इस चक्कर में कानपुर से आ रही इंटर सिटी को अमेठी और पीछे से आ रही काशी विश्वनाथ को गौरीगंज प्रतापगढ़ से जा रही जैसलमेर को जगेसरगंज को रोकना पड़ गया। मामला सेफ्टी का था। जिसमें समझौता नहीं हो सकता था। इसलिए सीआरएस और डीआरएम समय की परवाह किए बगैर रात भर डटे रहे। संतुष्ट होने के बाद ही उन्होंने ट्रेनों को चलाने की अनुमति दी। फिट मिलने के बाद इंटर सिटी को पहले चलाया गया। जो रविवार को सुबह 4.05 प्रतापगढ़ पहुंची। उसके बाद काशी आई। इस चक्कर में यात्री और उनके घरवालों को रात भर जागना पड़ा। मच्छरो ने भी जमकर खून पिया।

## देवी मंदिरों में गूजे आराधना के स्वर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को भी देवी मंदिरों व घरों में माँ की आराधना पूजा में श्रद्वालु रमे दिखे। अवकाश का दिन होने के कारण इनहन भवानी धाम तथा गुम्मौर वनदेवी मंदिर में श्रद्वालुओं की भीड़ दिन भर बनी दिखी। वही घरों में सप्तसती का पाठ एवं परम्परागत पूजन अर्चन में भी सनातनी उत्साह में दिखे। बाबा घुइसरनाथ धाम में भी दूसरे दिन सुबह से देर शाम तक श्रद्वालुओं का जमघट दिखा।

## आरोपियों ने युवक को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव में मामूली विवाद को लेकर एक युवक को आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर युवक को जमकर मारा पीटा। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चला गया। पीड़ित ने डायल 112 को फोन करके मामले की सूचना दी। उसके बाद डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल ले गई। दूसरे दिन पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पहारा मुरार पट्टी गांव का रहने वाला नन्हेलाल वर्मा पुत्र महावीर ने बताया कि वह रात के आठ बजे अपने घर पर बैठकर अपने परिजनों से आपसी विचार-विमर्श कर रहा था। उसी समय गांव का एक व्यक्ति उसके पास पहुंचा और गाली गलौज करने लगा पीड़ित ने जब उसे ऐसा करने के लिए मना किया तो वह हमलावर होकर उसे लात घूसों से उसे मारने पीटने लगा। पीड़ित ने बताया कि उपरोक्त आरोपीगण वहां पर मौजूद लोगों को भी जान से मारने की धमकी दिये और गाली गलौज किया।

# काव्य संग्रह मन का आँगन का हुआ विमोचन

## साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में नगर से सटे पूरे ईश्वरनाथ शास्त्री नगर में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं अधिवक्ता प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम की काव्य कृति मन का आंगन का विमोचन जिले की महान विभूतियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिले के वयोवृद्ध अधिवक्ता एवं साहित्यकार पंडित श्याम नारायण मिश्र श्याम ने कहा कि मन का आंगन पुस्तक में समाहित रचनाएं जीवन को यशवान बनाती हैं। रचनाओं में लोक कल्याण की भावना निहित है। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए मूर्धन्य विद्वान डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा सरल सुबोध है, शैलीपूर्ण विशिष्ट। गायन के उपयुक्त हैं, ध्यान करें आकृष्ट। विशिष्ट अतिथि के रुप में बोलते हुए रोशन लाल ऊमरवैश्य ने कहा कि वाणीसाधक प्रेम ने अपनी कहानियों में चिंतन को प्रधानता दी है। कार्यक्रम में पधारे डॉ० संगम लाल त्रिपाठी भंवर, डॉक्टर शाहिदा, संजय शुक्ला, अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात, अरविंद दुबे, आजाद अहमद, कुंज बिहारी लाल काकाश्री, रूद्र नारायण मिश्र, श्रीनाथ मौर्य सरस, विकास यादव, जय कुमार तिवारी आदि सभी ने सुंदर कृति के लिए रचनाकार को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चना से हुआ। सरस्वती वंदना प्रांजलि उपाध्याय ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया। साहित्यकारों व मनीषियों ने रचनाओं एवं संबोधन के माध्यम से कार्यक्रम को ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर पुस्तक के समीक्षकगण पंडित श्याम नारायण मिश्र, डॉ० दयाराममौर्य रत्न, रोशनलाल, संजय शुक्ला, अनिल प्रवात तथा अरविंद दुबे अन्य सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका माया त्रिपाठी ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।




काव्य संग्रह विमोचन पर सम्मानित साहित्यकारगण।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कड़े निर्देश पर दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गड़ौली निवासी रवि सोनकर दुष्कर्म व अपरहण पास्को एक्ट के मामले में नवाबगज थाने में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था। जिसे मुखबिर की सूचना पर सोमवार की शाम को क्षेत्र चेकिंग के दौरान रेवली मोड़ के तिराहे से गिरफ्तार किया जिसकी लिखा पढ़ी की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### तीन वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपर पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त अमर सिंह पुत्र वंशी निवासी कोतारी पूरब थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रामसुमेर पुत्र रामफल पासी निवासी सुधवर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त लल्या उर्फ निजाम अली पुत्र आबिद अली निवासी मशवामई थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना सराय अकिल से 01, थाना पिपरी से 01, थाना चरवा से 01, थाना कड़ाधाम से 01 कुल 4 अभियुक्तों को कर चालान न्यायालय कर दिया है।

# गंगा कछारी क्षेत्र में मिली युवक की लाश

## हत्या कर लाश फेंके जाने की आशंका



अज्ञात लाश की जानकारी पर घटनास्थल पहुंची पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के सांदीपन गंगा नदी घाट के कछार में एक 30 वर्षीय युवक की लाश रविवार की सुबह ग्रामीणों ने देखी है गंगा कछार क्षेत्र में लाश पड़ी होने की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ लग गई है मामले की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है मौके पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है काफी प्रयास के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है युवक के शरीर में केवल अंडरवियर मौजूद थी युवक के शरीर में अंडरवियर के अलावा बाकी कपड़े मौजूद नहीं है युवक की लाश गंगा कछार क्षेत्र में कैसे पहुँची यह जांच का विषय है।

# ससुराली जनों की बार बार मारपीट प्रताड़ना से पीड़ित विवाहिता पहुंची थाने

**अखंड भारत संदेश**

**विवाहिता की हत्या कर युवक की दूसरी शादी करने की धमकी दे रहे हैं ससुराली जन**

**कौशाम्बी कोखराज।** थाना क्षेत्र के बिसारा गांव की अनीता देवी पुत्री लल्लू की शादी 3 वर्ष पहले मनोज कुमार यादव पुत्र बरमदीन यादव निवासी बदलेपुर थाना करारी के साथ हुई थी अनीता देवी ने 1 वर्ष पहले बच्चे को जन्म दिया शादी के बाद से ही ससुराली जन पति मनोज कुमार यादव हरिश्चंद्र(देवर) शितेंद्र (देवर) पुत्रगण बरमदीन रेखा देवी सास वा बरमदीन ससुर शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे,और अतिरिक्त दहेज में एक लाख व एक भैंस की बराबर मांग करते हैं विवाहिता अनीता देवी दहेज की बात अपने घरवालों से बताई तो घरवालो ने दहेज देने में असमर्थता जताई दहेज का इनकार होने पर ससुराली जनों ने फिर विवाहिता को मारना पीटना शुरू कर दिया आरोप है कि 3 वर्षों के बीच विवाहिता को दर्जनों बार मारपीट कर प्रताड़ित किया गया है अनीता देवी किसी तरह सब सहती रही मायके से अतिरिक्त दहेज ना लाने पर विवाहिता को जान से मार डालने की धमकी दिया गया जिससे विवाहिता भयभीत है ससुराली जनों का कहना है कि ज्यादा जबरदस्ती करोगी तो तुम्हें मार कर हम लड़के की शादी दूसरी जगह कर देंगे हरिश्चंद्र(देवर) पीड़िता को कई बार मार चुका है और आए दिन मारता पीटता रहता है विवाहिता को फोन पर मायके बात भी नहीं करने देते किसी तरह विवाहिता अपने मायके फोन करके अपने भाई को बुलाई तो ससुराली जनों ने मायके वाले लोगों के साथ भी अभद्रता गाली गलौज किया और कहा कि अब दोबारा यहां नहीं आना वर्ना जिंदा नहीं बचोगे। आए दिन ससुराली जनों की प्रताड़ना मारपीट से पीड़ित विवाहिता मजबूर होकर पुलिस की चौखट पर पहुंची है और न्याय की फरियाद की है।

## न्यूज झरोखा

### ट्रांसफार्मर की चिंगारी से दस बिस्सा गेंहू की फसल जलकर खाक



**चरवा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के गढ़वा उदाथू गांव के सूरजभान कुशवाहा पुत्र गिरधारी लाल के खेत के बगल में विधुत विभाग का ट्रांसफार्मर लगा था रविवार को उसी ट्रांसफार्मर से अचानक चिंगारी निकली और सूरजभान के गेंहू के फसल में आग लग गई जब ग्रामीणों ने खेत की फसल में आग की लपटें देखा तो मामले की जानकारी किसानों को दी मौके पर किसान और ग्रामीण पहुंचे किसी तरह आग में काबू पाया और सूचना अधिकारियों को दिया गया लेकिन मौके कोई भी अधिकारी नही पहुचे इस अग्निकांड की घटना में किसान का हजारों का नुकसान हो गया है।

### साधु संतों व पुरोहित पंडितो को दी जाए पेंशन : सौरभ त्रिपाठी

**अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद कौशाम्बी ने पेंशन दिए जाने के लिए बुलंद की आवाज**



**कौशाम्बी।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशाम्बी ने जाठी गांव के हनुमान मंदिर में बैठक आयोजित की बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सदस्यों ने साधु-संतों पुरोहित पंडितों को पेंशन दिए जाने की मांग सरकार से की है यह बैठक श्रवण मिश्रा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। जाठी गांव के हनुमान मंदिर में सैकड़ो पुरोहित ब्राह्मणों साधुओं के साथ बैठक करते हुए ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि पंडित पुरोहित साधु-संतों को सरकार पेंशन दे वक्ताओ ने कहा कि जिसमे कर्म कांडी पुरोहित का कार्य कराने वाले ब्राह्मणों व साधु संतों को चिन्हित कर पेंशन देने की मांग सरकार से की गई व संगठन के विस्तार व समाज के उत्थान हेतु परिचर्चा हुआ बैठक में श्रवण मिश्रा के द्वार ठंडाई व संगठन के जिला महामंत्री नीतीश मिश्रा के द्वारा फल वितरण व जिला प्रमुख अजय मिश्रा के द्वारा हनुमान चालीसा का वितरण किया गया बैठक मे अमित त्रिपाठी जिला संयोजक सौरभ त्रिपाठी जिला अध्यक्ष अशोक मिश्रा मढ़ी जिला उपाध्यक्ष हरीश दिवेदी मीडिया प्रभारी अशोक मिश्र जिला मंत्री अंकित त्रिपाठी जिला प्रभारी बुध्धन प्रधान सतेन्द्र गर्ग शिवबाबू प्रधान कायमपुर अंकित त्रिपाठी ऐग्वा अशोक त्रिपाठी विजया चौराहा सत्यदेव त्रिपाठी जोगापुर कृष्ण कुमार द्विवेदी गौरैये शशिकांत त्रिपाठी प्रधान आशीष त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना पश्चिम शरीरा के ग्राम गोराज में हुई महिला की हत्या का खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**आलाकत्ल सहित दो हत्यारोपी किये गये गिरफ्तार एक फरार**

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के आमीना गांव में 25 एंव 26 मार्च 2022 की रात में शशी सिंह उम्र 42 वर्ष पत्नी जयचन्द्र सिंह की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी वह अपने चार बच्चों के साथ घर में सो रही थी, उनके पति जयचन्द्र सिंह प्रयागराज में प्राइवेट नौकरी करने गये थे, अज्ञात बदमाशों द्वारा शशी सिंह की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की थी। जिसके सम्बन्ध में मृतका के पति जयचन्द्र सिंह द्वारा थाना पर अभियोग पंजीकृत कराया गया था घटना में दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है एक अभियुक्त फरार है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक के मार्ग दर्शन एवं क्षेत्राधिकारी मझनपुर के कुशल नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक पश्चिम शरीरा को लगाया गया था जिनके द्वारा घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 अप्रैल 2022 को यमुना नदी की ओर जाने वाले रास्ते में ग्राम पभोषा से घटना में शामिल दो अभियुक्त दीपक साहू पुत्र नंदलाल साहू निवासी बियावल थाना मऊ जनपद चित्रकूट व भोला पासी पुत्र सतन पासी निवासी अमीना थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त दीपक साहू की निशादेही पर एक अदद धारदार चाकू आलाकरल बरामद किया गया है एक अभियुक्त मुस्ताक पुत्र तूफान अली निवासी मुलानी थाना करारी अभी भी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग चोरी करने के उद्देश्य से गये थे किन्तु पहचान हो जाने के कारण हम लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी थी विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष भेज दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# अधीक्षक डॉ नीरज सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ

## सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि जागरूकता ही विभिन्न रोगों से बचाव है

**अखंड भारत संदेश**




संचारी रोग की रैली निकालते चिकित्सक

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी।** संचारी रोगों से बचने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया यह अभियान 2 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा उसी के परिप्रेक्ष्य अधीक्षक डॉ नीरज सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करते हुए जागरूकता रैली निकाली अधिकतर गलियों में विशेष सफाई अभियान नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया कूलरो के पानी को बदला गया। इस अभियान में हर गांव में आशाओं द्वारा गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा और संचारी रोग से बचाव के तरीके बताए जाएंगे, डॉक्टर नीरज सिंह ने कहा कि स्वस्थ्य रहने लिए साफ सफाई से रहना ,शुद्ध खानपान का होना बहुत आवश्यक है उन्होंने कहा कि नगर के लोग अपने आसपास सफाई रखें तो कई तरह की बीमारियां दूर हो जाती है संचारी रोग अभियान के तहत लोगों को बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है जिसमें जन सहयोग का होना बहुत आवश्यक है। सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि जागरूकता ही बचाव है गर्मी का मौसम है विभिन्न प्रकार के कीड़े मकोड़े मच्छर घर मे घुसने लगते हैं इनसे बचाव के लिए दरवाजों एवं खिड़कियों में जाली लगवाएं, मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें शुद्ध साफ पानी पीना चाहिए खुले में शौच बिल्कुल नही जाना चाहिए जहां तक सम्भव हो सके घर के आसपास पानी जमा न होने पाए खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन से धुलना चाहिए संचारी रोग में अधिकतर मच्छर जनित बीमारियां मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया आदि पनपती हैं उनसे बचने के लिए जागरूकता ही बचाव है लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोरोना के संक्रमण को देखते हुए सावधानियां बरतनी भी आवश्यक है जागरूकता रैली में अधीक्षक डॉ नीरज सिंह के साथ डॉ वंदना सिंह प्रभाकर सिंह डा आशिफ रोहिणी त्रिपाठी आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# साठगांठ कर सरकारी तालाब से मिट्टी निकाल रहे माफिया

## जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते चरवा क्षेत्र में तालाब का अस्तित्व संकट में

**अखंड भारत संदेश**



तालाब से मिट्टी खनन करता जेसीबी मशीन

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा और थाना पुलिस की सांठगांठ से नगर पंचायत चरवा क्षेत्र के मीरन पर सरकारी तालाब से मिट्टी का अवैध खनन बेखौफ तरीके से हो रहा है दिन-रात जेसीबी मशीन लगाकर सरकारी तालाब से मिट्टी खनन कर बेचने में माफिया लगे हैं कई दिनों से मिट्टी के अवैध खनन के मामले में अभी तक थाना पुलिस और नगर पंचायत चरवा के जिम्मेदारों ने तालाब खुदाई पर रोक नहीं लगाई है जिससे उनकी भूमिका सवालों के घेरे में है खनन माफिया इस समय जोरो पर डंका पीट रहे हैं चारो तरफ धडल्ले से जेसीबी मशीन चल रही हैं नगर पंचायत चरवा के जिम्मेदार और पुलिस के कान में जु तक नहीं रेंग रही हैं आखिर किसके इसारे पर खनन माफिया बेखौफ तरीके से सरकारी तालाब की मिट्टी का खनन कर रहे हैं अगर सूत्रों के माने तो खनन माफिया कहते हैं कि हमारी सारी सेंटिग रहती हैं अगर कोई किसी अधिकारी से भी शिकायत कोई करता है तो हमें जिम्मेदार विभाग के अधिकारी और पुलिस बता देती हैं। मिली जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के मीरन पर सरकारी तालाब में खनन माफिया इस समय जोरो पर मिट्टी की खुदाई कर रहे हैं इनके हौसले इतना क्यो बुलंद हैं कही सूत्रों का कहना सही बात तो नहीं हैं क्योंकि चरवा क्षेत्र में चारो ओर जेसीबी गरज रही हैं। नगर पंचायत चरवा के मीरन पर तलाबी रकबे में जेसीबी मशीन से दिन रात मिट्टी निकाल कर बेची जा रही हैं जिससे तालाब का अस्तित्व संकट में है।

### ग्यारह वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा 11 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनको न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त शाहरुख खान पुत्र इनाम अली निवासी देवखरपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त नीलू सोनकर पुत्र कुल्लू सोनकर निवासी मकनपुर थाना पिपरी व अशोक पुत्र मैकूलाल निवासी हररायपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना करारी पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त मोनू पुत्र मंगू निवासी किगनगर कस्बा करारी थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्राकर थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राजा पुत्र अबरार अहमद निवासी कड़ा थाना कड़ाधाम व रामराज उर्फ शीलू पुत्र स्व० नवरंग निवासी भानीपुर ख्वाजा कहक थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं।इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त सुरेश पासी पुत्र सहदेव पासी निवासी वार्ड न०-9 सनई मंडी कस्बा अजुहा थाना सैनी व नरेश पुत्र कन्नधई पुनम पुत्री नरेश व विद्या देवी पत्नी नरेश निवासीगण वार्ड नं0-9 सनई मंडी कस्बा अजुहा थाना सैनी व जगदीश पुत्र स्व० दुलारे निवासी रूप नारायणपुर गोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# जमीनी विवाद में भाई के हमले से घायल बहन की इलाज के दौरान मौत

**अखंड भारत संदेश**

**एक सप्ताह पूर्व अधेड़ ने बहन और भांजी पर किया था हमला महिला की मौत के बाद भोर में ही आरोपी को पुलिस ने शिकंजे में लिया**



महिला की मौत के बाद घर पर मौजूद रिश्तेदार

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 शांति नगर निवासी महिला उर्मिला देवी और उसकी बेटी पर एक सप्ताह पूर्व हमला किया गया था इलाज के दौरान उर्मिला देवी उम्र लगभग 53 वर्ष की मौत हो गई है महिला के सगे भाई ने सरिया मारकर बहन की हत्या कर दी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंची है और आरोपी को अपने हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार उर्मिला देवी पत्नी स्व कैलाश चंद गुप्ता और रामनरेश गुप्ता पुत्र कंधई लाल गुप्ता आपस मे सगे भाई बहन हैं उर्मिला वार्ड नं 3 शांती नगर और रामनरेश गुप्ता वार्ड नं 9 में रहते हैं इनकी कुछ पुस्तैनी घर जमीन वार्ड नं 9 में है जिसे रामनरेश धीरे धीरे चुपके से बेंच रहा था जिसमे उर्मिला का भी हिस्सा था उर्मिला की बेटी पिंकी के अनुसार 26 मार्च को रामनरेश धोखे से उर्मिला और उसकी बेटी पिंकी को वार्ड नं 9 किराना गली बुला ले गए जमीन बंटवारे हिस्सा बांट में विवाद कर रामनरेश की पत्नी विद्या देवी और पुत्री पूनम गाली गलौज करने लगी महिला उर्मिला देवी और पिंकी को सरिया से पीटने लगे जिसमे दोनों लहूलुहान हो गए गम्भीर स्थित देखते हुए परिजनों ने जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया उर्मिला की नाजुक हुई हालात को देखकर परिजन प्रयागराज के स्वरूपरानी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान आज 3 अप्रैल की भोर महिला उर्मिला की मौत हो गयी सूचना पर पहुंची कोतवाली सैनी पुलिस ने आरोपी को आज सुबह धर दबोचा महिला की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है वहीं नगर वासियों के अनुसार रामनरेश गुप्ता एक शातिर किस्म का व्यक्ति है कुछ वर्ष पहले अपने भाइयो को फंसाने के लिए अपनी ही बेटी पर तेजाब डालकर भाई भतीजे पर आरोप लगाकर जेल भिजवा दिया था वहीं सैनी कोतवाली प्रभारी तेजबहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी पुलिस कस्टडी में है अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# किड्जी में मनाया गया ग्रेजुएशन डे

## किडजी की अभिभावक कुसुम केशरवानी बनी सुपरमॉम स्कूटी से हुई पुरस्कृत

**अखंड भारत संदेश**



विजेता मम्मी को सम्मानित करते स्कूल की प्रिंसिपल

**कौशाम्बी भरवारी।** स्थित किड्जी स्कूल में आज ग्रेजुएशन डे प्रोग्राम मनाया गया जिसमें किड्जी के छोटे-छोटे प्यारे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृतियों का मेल, आधुनिक संस्कृति से होने वाली हानियां, अधिक पढ़ाई पर जोर देना, खेल कूद का महत्व, माता पिता का बच्चों के लिए समय देना आदि नाट्य मंचन के माध्यम से समाज को संदेश देने का काम किया और यह संदेश दिया कि कभी भी बच्चों के ऊपर भरपूर पढ़ाई का जोर नहीं देना चाहिए पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक सांस्कृतिक बिंदुओं को भी बच्चों को बताना चाहिए और यह भी संदेश दिया कि बच्चों को पढ़ाई की कौन सी स्ट्रीम देनी है बच्चों के व्यक्तिगत इंटरेस्ट के आधार पर उन्हें उस लाइन पर ले जाना चाहिए । ग्रेजुएशन डे के मौके पर बच्चों की मम्मियों के बीच में बैलून फोड़ने की प्रतियोगिता हुई जिसमें किड्जी के बच्चों की सभी मम्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अंत में कुसुम केसरवानी विजेता बनी और सुपर मॉम की उपाधि से अलंकृत हुई उपहार स्वरूप किडजी प्रशासन ने उन्हें स्कूटी से पुरस्कृत किया।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता पूर्व विधायक ने कहा कि शिक्षा ऐसा माध्यम होता है जो किसी भी देश की आर्थिक और सांस्कृतिक व्यवस्था को सुदृढ़ बना सकता है और समाज में एक आयाम स्थापित कर सकता है वही केपीएस प्रिंसिपल सीमा पवार ने कहा कि हर माता-पिता को अपने बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही सामाजिक गतिविधियों की सुदृढ़ता को व्यवस्थित कर सकती है वही किडजी प्रिंसिपल अनुपमा जायसवाल ने कहा कि हमारे यही बच्चे आगे चलकर के देश समाज परिवार को सुदृढ़ बनाएंगे और मील का पत्थर साबित करेंगे कार्यक्रम में केपीएस किडजी फाउंडर देव बाबू,सबिला, रिया, नीलम ,आदि उपस्थित रही।

# नवोदय विद्यालय टेवा के प्राचार्य के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**अखंड भारत संदेश**



नवोदय प्राचार्य को सम्मानित करते शिक्षक

**कौशाम्बी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा के प्राचार्य विमल कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षकों ने उनके विदाई सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया है इस मौके पर प्राचार्य के कार्यकाल की सराहना करते हुए शिक्षकों ने कहा कि आपने अनवरत 8 वर्षो तक विषम परिस्थितियों में अपनी सेवायें प्रदान की।

नवोदय विद्यालय कोहिमा में तीन वर्ष तक प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य किया इसके बाद इनका स्थानान्तरण प्रभारी प्राचार्य के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय फेक में हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय फेक में लगातार पाँच वर्ष तक कार्य किया। अक्टूबर 1999 में जवाहर नवोदय विद्यालय सरथना मेरठ में अपनी सेवायें दी जहाँ तीन वर्षतक कार्यकाल पूरा किया उसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय बुकलाना बुलंन्दशहर में एक वर्ष तक कार्य किया तत्पश्चात बच्चो की पढ़ाई लिखाई के कारण आपका स्थानान्तरण साम्हों इटावा में हुआ इटावा में लगातार तीन वर्ष तक प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्य करने के पश्चात आपका प्रोन्नत उप- प्राचार्य के पद पर जवाहर नवोदय विद्यालय रूद्रप्रयाग केदारनाथ में हुआ। इसके एक वर्ष पश्चात इनका प्रोन्नत प्राचार्य के पद पर हुआ। इस प्रक्रिया में पूर्वोत्तर भारत में लुंग्नोई जवाहर नवोदय विद्यालय मिजोरम में प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया। उसके दो वर्ष पश्चात जवाहर नवोदय विद्यालय बक्सा में हुआ। बक्सा से दो वर्ष कार्य करने के पश्चात पुन आयुक्त जी०एस० बोथियाल की संस्तुति पर उनके गृह जनपद नैनीताल में हुआ। यहॉ तीन वर्ष सेवा देने के पश्चात पुनः जवाहर नवोदय विद्यालय देवरिया में हुआ। जहाँ वर्तमान जिलाधिकारी कौशाम्बी जिनकी पोस्टिंग देवरिया में भी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में विद्यालय को सुचारू पूर्वक संचालन किया। अक्टूबर 2019 ई0 में जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा कौशाम्बी में कार्यभार ग्रहण किया विद्यालय के विकास में आप अनवरत लगे रहे। विद्यालय का बहुमुखी विकास किया। विद्यालय परिसर के अन्तर्गत सड़कों के निर्माण में पूरा सहयोग प्रदान कराया। बास्केट बाल कोर्ट का निर्माण कराया। विभिन्न शिक्षण कक्षो तथा सम्पूर्ण परिसर में सी.सी.टी.वी. कैमरे को लगवाकर सुसज्जित किया। बिजली, पानी स्वास्थ्य तथा शिक्षा के स्तर को उँचा बनाने में पूर्ण मनोयोग से कार्य किया। जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा के प्राचार्य पद पर कोरोना काल में तत्कालीन जिलाधिकारी अमित कुमार ने विद्यालय में समुचित प्रबन्धन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया इस कठिन समय में 54 विद्यार्थियों एवं 16 स्टाफ को सुरक्षित बचाने के कारण कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया।प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा के प्राचार्य विमल कुमार मिश्रा ने विद्यालय के संचालन तथा विकास में योगदान के लिए सभी विद्यार्थियो तथा शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारीयों तथा जनपद के सभी अधिकारियो एवं जिले के सभी अभिभावको को आभार व्यक्त किया। अपने कार्यभार को उप प्राचार्य श्रीमती विजय लक्ष्मी को हस्तगत कराते हुए विद्यालय को विकास के पथ पर निरन्तर आग्रसर ले जाने की मंगल कामना व्यक्त की।

वक्ताओं ने कहा कि प्राचार्य का जन्म 31.03.1962 ई. को ग्राम भभयापुर पोस्ट सैदाबाद तहसील हण्डिया जनपद इलाहाबाद में हुआ। इनकी प्रारंम्भिक शिक्षा गाँव में हुई और कक्षा-8 से कक्षा 12 तक राजकीय इंटर कालेज फतेहपुर में शिक्षा पूर्ण किया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा इलाहाबाद वि०वि० मे पूर्ण किया। ये शुरू से ही मेधावी छात्र रहे और पूरे उत्तर प्रदेश में एक मात्र संस्थान सी.पी.आई. इलाहाबाद से 1986 में एल.टी. की परीक्षा उत्त्रीण की एम०एड० की परीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की। इसके पश्चात इनकी नियुक्ति टी०जी०टी० अंग्रेजी के पद पर केन्द्रीय विद्यालय बमरौली इलाहाबाद में हुई। दो वर्ष शिक्षण कार्य करने के पश्चात स्नातकोत्तर शिक्षक इतिहास के पद पर शिलांग संम्भाग के कोहिम जवाहर नवोदय विद्यालय मे नियुक्ति हुई।

## संपादकीय

# अमरकंटक की सुंदरता

**मध्यप्रदेश** राज्य के महत्वपूर्ण तीर्थों में से एक माँ नर्मदा सहित तीन नदियों के उदगम स्थल अमरकंटक की प्राकृतिक सुंदरता, औषधीय उपलब्धता और धार्मिक मान्यताओं को निकट से महसूस करने का अवसर मिला। माह चैत्र की ग्रीष्म ऋतु में जब सूर्य देवता भारत के अनेकों हिस्सो मे अपनी कृपा निकट से बरसा रहें हों, ऐसे मौसम में भी अमरकंटक में गर्मी का कम होना प्रकृति का वरदान ही कहा जा सकता हैं। मार्च की समाप्ति और अप्रैल की शुरूआत में यहां तापमान अमूमन 35 से 36 से. रहता हैं। ऐसे शानदार और खुशनुमा मौसम में प्रसिद्ध तीर्थ अमरकंटक की यात्रा करने का अवसर जिस ट्रेन से मिला उसका नाम भी नर्मदा एक्सप्रेस ही है। मप्र की आर्थिक राजधानी इंदौर से 29 मार्च को इंदौर बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस से छत्तीसगढ़ के पेंड्रारोड स्टेशन पर उतरे यहां से प्रायवेट वाहनों से 35 किलोमीटर का सफर तय कर अमरकंटक पहुंचे। पेंड्रा रोड अमरकंटक आने के दौरान मप्र और छत्तीसगढ़ की सीमा का घालमेल समझ पाना बडा मुश्किल जान पड़ा पहाड़ी क्षेत्र की घुमावदार सड़को पर कभी मप्र तो कभी छत्तीसगढ़ की सीमा के आ जाने से वाहन में बैठे मुझ सहित अन्य यात्रियों में बड़ा कौतूहल रहा। अक्सर सीमावर्ती क्षेत्रों में इस प्रकार की स्थिति बनती है। प्रायवेट वाहन का चालक जिस राह से अमरकंटक ले जा रहा था। उसे वह शार्ट कट बता रहा था। इस मार्ग पर दो समस्या देख मुझ सहित सहयात्रियों को बड़ा दुख पहुंचा पहला तो यहां जारी सीमेंट कांक्रीट सड़क के निर्माण की कमजोर गुणवत्ता दूसरा मार्ग के किनारे अनेकों जगह लगी आग। अब यह आग और सड़क की गुणवत्ता सुधार की जवाबदेही किस सरकार की है, इन्ही चचाओं के मध्य अमरकंटक पहुंचे। यहां रुकने के लिए बहुत से इंतजाम है। विभिन्न पंथों संप्रदायों के आश्रम और प्रायवेट होटल बड़ी संख्या में स्थित है। मैं चूंकि मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय महासम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचा था, इसलिए रहने की व्यवस्था की जहमत नहीं उठाना पड़ी। यहां कल्याण आश्रम में हमारा आयोजन था जो बहुत सुंदर बना हुआ है। आश्रम में साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया। वैसे मेरे रुकने का स्थल मृत्युजंय आश्रम था। अमरकंटक मप्र के अनूपपुर जिले का बड़ा पर्यटक स्थल हैं यहां महाशिवरात्रि को बड़ा मेला लगता है। सावन माह में तीर्थयात्रियों की संख्या अधिक रहती है। अमरकंटक की चर्चा जीवनदायिनी मां नर्मदा की उदगम स्थली के रूप में अधिक होती है। जबकि यह सोनभद्र की उदगम स्थली भी है। अमरकंटक की सुंदर और खूबसूरत वादियों के मध्य नर्मदा और सोनभद्र की प्रेम कहानी या विवाह से जुड़ी प्रचलित पुरातन कहानी भी सुनाई दी, जिसके अनुसार नर्मदा नदी के बारे में कहा जाता है की यह राजा मैखल की पुत्री थी। विवाह योग्य होने पर राजा मैखल ने उनके विवाह की घोषणा करवाई साथ ही यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति गुलबकावली का पुष्प लेकर आएगा राजकुमारी का विवाह उसी के साथ होगा। इसके बाद कई राजकुमार आए लेकिन कोई भी राजा मैखल की शर्त पूरी नहीं कर सका। तभी राजकुमार सोनभद्र आए और राजा की गुलबकावली पुष्प की शर्त पूरी कर दी। शर्त पूरी होते ही विवाह तय हो गया। एक दिन राजकुमारी नर्मदा की इच्छा सोनभद्र को देखने की हुई इस हेतु राजकुमारी ने संदेश लेकर अपनी सखी जुहिला को राजकुमार सोनभद्र के पास अपने आने के संदेश के साथ भेजा। काफी समय बीत जाने पर भी जुहिला वापिस नहीं आई तो राजकुमारी को चिंता होने लगी जुहिला कि खोज में निकली राजकुमारी ने सोनभद्र और जुहिला को आलिंगनबद्ध देखा तो राजकुमारी नर्मदा बहुत अधिक क्रोधित हुई। इसके बाद उन्होंने आजीवन कुंवारी रहने का प्रण ले लिया।

# विश्व में बढ़ती भारत की साख

**प्रेम शर्मा**

**अमेरिका ने तो यहां तक धमकी दी है कि वह रूस पर पाबंदी के बाद उन देशों पर भी प्रतिबंध लगा सकता है जो रूस के साथ व्यापार कर उसका सहयोग करेंगे। भारत पर दबाव बनाने के इरादे से ही पिछले दिनों जापान के प्रधानमंत्री भी भारत आए थे। नेपाल के प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिवस जयनगर कुर्था के बीच रेलमाल का शुभारम्भ करने के साथ एक दूसरे के अनादिकाल से एक दूसरे के सुख-दुख के साथी होने का प्रमाण दे दिया है। अभी दो दिन पूर्व ही ऑस्टेलिया और भारत के बीच हुए व्यापारिक समझौता इस बात का प्रमाण है कि भारत की विदेशीनीति और भारत सरकार पर वैश्विक विश्वास बढ़ा है**

**कोरोना** जैसी वैश्विक महामारी के दौरान कोरोना के टीके निर्माण करने के साथ इसकी बहुतायत देशों को आपूर्ति सहित कई तरह की सेवाएं देकर भारत ने अपना सहयोगी रूख विश्व को दिखाया था। आज यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग को रोकने के लिए रूस से युद्ध रोकने की अपील कर भारत ने अपना रूख स्पष्ट कर दिया है। पिछले कुछ वर्षो में भारत की तटस्थ भूमिका, आपदाओं के दौरान किए गए व्यवहार का परिणाम है कि चीन और अमरीका की आर्थिक नीतियों एवं दादा बनने की ललक के चलते इन दोनों देशों को छोडकर विश्व का हर देश चाहे जापान, आस्टेलिया, नेपाल, श्रीलंका, यूक्रेन, रूस आदि किसी न किसी मसले में भारत से सहयोग ले रहे है या दे रहे है। पिछले कुछ वर्षो में वैश्विक स्तर पर भारत के प्रति अन्य देशों का विश्वास प्रबल हुआ है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक राजनीति में भारत का कद बढ़ा है। चाहे रूस का खेमा हो या अमेरिका का, सब समझ रहे हैं कि भारत को अब दबाया नहीं जा सकता। और आखिर भारत को किसी के आगे झुकना भी क्यों चाहिए! वह चाहे जिससे तेल खरीदे या हथियार खरीदे, यह उसकी स्वतंत्र नीति और उसका अधिकार है।भारत ने रूस से फौरन युद्ध खत्म करने की अपील कर अपना रुख साफ कर दिया है। शुक्रवार को दिल्ली में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कहा कि युद्ध अब बंद होना चाहिए और शांति के प्रयासों में रूस जो भी मदद चाहेगा, भारत उसमें अपना योगदान देगा। रूसी विदेश मंत्री लावरोव ऐसे वक्त में भारत आए हैं जब यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और युद्ध रोकने के लिए तुर्की में शांति वार्ता के दौर भी चल रहे हैं। ऐसे में रूस के विदेश मंत्री लावरोव की भारत यात्रा ज्यादा महत्त्वपूर्ण इसलिए भी मानी जा रही है कि गुरुवार को अमेरिका के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह और ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रुस ने भी नई दिल्ली पहुंच कर विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की थी और भारत पर रूस के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करने का दबाव बनाया था।



**मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान लिए गये इन फैसलों ने अंतर्राष्टीय प्रभाव छोड़े हैं। भारत की विदेशी नीति घरेलू आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, राजनीतिक लोकतंत्र और व्यापक रूप से उदार संवैधानिक व्यवस्था पर टिकी हुई है**

लेकिनलावरोव की यात्रा से यह तो साफ हो गया है कि भारत के साथ रिश्तों को लेकर रूस आज भी पहले जितना ही आश्वस्त है। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर भारत ने अब तक तटस्थता की नीति अपनाई है। इस मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भी रूस के खिलाफ प्रस्तावों पर मतदान में भी भारत ने हिस्सा नहीं लिया। जाहिर है, रूस इसके अर्थ को समझ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका और पश्चिमी देश भारत पर लगातार दबाव बना रहे हैं कि वह उनके खेमे में आ जाए और रूस के खिलाफ आवाज उठाए। अमेरिका तो कई मौकों पर भारत के रुख को लेकर नाराजगी भी जता चुका है। वह भारत पर लगातार दबाव बना रहा है कि वह रूस से कच्चा तेल न खरीदे और हथियारों के सौदे न करे। रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने को लेकर तो अमेरिका पहले से ही खिसियाया हुआ है। अमेरिका ने तो यहां तक धमकी दी है कि वह रूस पर पाबंदी के बाद उन देशों पर भी प्रतिबंध लगा सकता है जो रूस के साथ व्यापार कर उसका सहयोग करेंगे। भारत पर दबाव बनाने के इरादे से ही पिछले दिनों जापान के प्रधानमंत्री भी भारत आए थे। नेपाल के प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत दिवस जयनगर कुर्था के बीच रेलमाल का शुभारम्भ करने के साथ एक दूसरे के अनादिकाल से एक दूसरे के सुख-दुख के साथी होने का प्रमाण दे दिया है। अभी दो दिन पूर्व ही ऑस्टेलिया और भारत के बीच हुए व्यापारिक समझौता इस बॉत का प्रमाण है कि भारत की विदेशनीति और भारत सरकार पर वैश्विक विश्वास बढ़ा है। ऑस्टेलिया से हुए समझौते से द्विपक्षीय व्यापार 45-50 अरब डॉलर हो जाएगा। यही नही आस्टेलिया में 95 प्रतिशत उत्पादनों पर शुल्क न लिये जाने का निर्णय लेकर आस्टेलिया ने खुले दिल से भारत को साथ लिया है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा पिछले कुछ समय से भारत के पक्ष में आ रहे बयान इस बॉत के प्रमाण है कि भारत ने दिलों में राज करने वाले फामूलें को छोड़ा नही है। श्रीलंका पर पड़ी मुसीबत के बीच भारत सरकार द्वारा 40 हजार मीट्रिक डीजल, 40 हजार टन चावल और दो अरब डालर की मदद कर अपने वसुधैव कुटुंबकम की विचारधारा को यथावत बनाए रखा है। भारत का इजरायल और ईरान, दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। ज्ञात हो कि भारत के दो पूर्व विदेश सचिव, आठ अलग अलग रणनीतिक विश्लेषकों ने मिलकर भारत की विदेश नीति पर एक किताब लिखी थी। किताब का नाम है इंडियाज पाथ टू पॉवरः स्ट्रैटजी इन ए वर्ल्ड एड्रिफ्ट, इस किताब में सभी दिग्गज एक बाद पर सहमत हैं, कि भारत की विदेश नीति में व्यापक बदलाव हुए हैं, हालांकि, इस किताब में भारत सरकार को कई सुझाव भी दिए गये हैं। इस किताब एक बॉत का जिक्र किया गया कि अब भारत सरकार ने अपनी विदेश नीति में राष्ट्रीय सहमति लेना बंद कर दिया है और इसके पीछे विदेश नीति में कुछ दोष का होना नहीं, बल्कि घरेलू घटनाक्रमों की गूंज जिस तरह से अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उछाला गया है, वो जिम्मेदार है। यानि, भारत सरकार की विदेश नीति अब राष्ट्र की आम सहमति पर आधारित नहीं हो रहे हैं।

वैसे भी मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का शुरूआती समय उन संवेदनशील मुद्दों को निपटाना था, जो भारत के सामने कई दशकों से मुंह बाए खड़े थे। जिनमें कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करना था, तो भारत में नागरिकता कानून यानि सीएए लागू करना था। लिहाजा पश्चिमी देशों ने भारत में मानवाधिकर उल्लंघन को लेकर सवाल उठाए। भारत की विपक्षी पार्टियां भी सरकार की इन नीतियों पर काफी ज्यादा आक्रामक थीं, इसके साथ ही रही सही कसर कोरोना महामारी के दौरान उत्पन्न हुई देश की आर्थिक परिस्थितियां थीं तो लद्दाख में चीन की आक्रामकता ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ाईं, लिहाजा मोदी सरकार के लिए विदेश नीति पर आम राय कायम करना काफी मुश्किल हो गया और सरकार विदेश नीति पर अपने हिसाब से आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान लिए गये इन फैसलों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव छोड़े हैं। भारत की विदेशी नीति घरेलू आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, राजनीतिक लोकतंत्र और व्यापक रूप से उदार संवैधानिक व्यवस्था पर टिकी हुई है। यही कारण है कि आज भारत के विकास और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव के मूल स्रोत तेजी से बढ़ते दिख रहे हैं।

जिस हिसाब से विदेश नीति का ताना बाना संजोया गया है वह यर्थात रूप से कायम रहा तो आने वाले कुछ वर्षो में भारत की आर्थिक स्थिति, वैश्विक सम्बंध और विश्व स्तर पर मान मर्यादा कई गुना और बढ़ने वाली है।

# या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता

**हृदयनारायण दीक्षित**

मां प्रथमा है। परमात्मा भी माता के गर्भ से अवतार लेते हैं। हम सब मां का विस्तार हैं। निस्संदेह हम अस्तित्व का भाग हैं। अस्तित्व हमारा जनन संभव करता है वह जननी है। अस्तित्व को मां देखना गहन आस्तिक भाव में ही संभव है। स्वयं को मां से जोड़ने का अनुष्ठान ही देवी उपासना है। हम प्रकृति पुत्र हैं। प्रकृति मां है। वही मूल है, वही आधार है। इसमें रहना, कर्म करना, कर्मफल पाना और अंततः इसी में समा जाना जीवनसत्य है। कुछ विद्वान प्राचीन भारत में देवी उपासना नहीं देखते लेकिन ऋग्वेद माता की गहन अनुभूति से भरा-पूरा है। ऋषि आनंद उल्लास और आश्वस्ति के हरेक प्रतीक में मां देखते हैं। इन ऋषियों के लिए माता पृथ्वी धारक है। पर्वतों को धारण करती है, मेघों को प्रेरित करती है। वर्षा के जल से अपने अंतस् ओज से वनस्पतियां धारण करती है। (5.84.1-3) ऋग्वेद में रात्रि भी एक देवी हैं वे अविनाशी - अमत्र्या हैं, वे आकाश पुत्री हैं, पहले अंतरिक्ष को और बाद में निचले-ऊचे क्षेत्रों को आच्छादित करती है। उनके आगमन पर हम सब गौ, अश्वादि और पशु पक्षी भी विश्राम करते हैं। (10.127) मां प्रकृति की आदि अनादि अनुभूति है। हमारा इस संसार में प्रथम परिचय मां से ही होता है। मां हमारे संभवन का माध्यम है। दुनिया की तमाम आस्थाओं में ईश अवतरण हैं। आदरणीय देवदूत हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत ने प्रकृति की दिव्य अन्तस् चेतना को माता कहा। भारत के प्रति अपनी गाढ़ी प्रीति के चलते हम सबने भारत को भी भारत माता जाना। प्रकृति का हरेक अणु परमाणु मां का ही विस्तार है। इसलिए यहां सभी तत्वों, रूपों में मां की अनुभूति है - या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता। प्रकृति माता है। सदा से है। सदा रहती है। प्रलय जैसी चरम प्राकृतिक आपदा में भी सब कुछ नष्ट नहीं होता। भारतीय दर्शन की सांख्य शाखा के अनुसार तब प्रकृति के तीनों गुण सत्व, रज और तम साम्यावस्था में होते हैं। लेकिन गुणों की साम्यावस्था हमेशा नहीं रहती। साम्यावस्था भंग होती है, सृजन लहक उठता है। प्रकृति का अन्तस् जगत का छन्दस् बनता है। यह अन्तस् अजन्मा है। दिव्य है सो देवता है। भारतीय अनुभूति में देवी है। माता है। मां सृष्टि बीज है।

सृष्टि का विकास जल से हुआ। यूनानी दार्शनिक थेल्स भी ऐसा ही मानते थे। अधिकांश विश्व दर्शन में जल सृष्टि का आदि तत्व है। ऋग्वेद में जल को भी मां देखा गया और प्रणाम किया गया है। ऋग्वेद में वे जल माताएं-आपः मातरम् हैं। जल को बहुवचन रूप में याद किया गया है। जल माताएं देवियां हैं। मां ही जन्म देती है। मां नहीं तो सृष्टि विकास नहीं। ऋग्वैदिक अनुभूति में संसार के प्रत्येक तत्व को जन्म देने वाली यही आपः माताएं हैंः विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः (6.50.7) ऋग्वेद के बहुत बड़े देवता है अग्नि। ये भी बिना माता के नहीं जन्में। इन्हें भी आपः जल माताओं ने जन्म दिया हैः तमापो अग्निं जनयन्त मातरः (10.91.6) ऋग्वेद में वाणी की देवी वाग्देवी (10.125) हैं। ऋग्वेद के वाक्सूक्त (10.125) में कहती हैं - मैं रूद्रगणों वसुगणों के साथ भ्रमण करती हूँ। मित्र, वरूण, इन्द्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूँ। मेरा स्वरूप विभिन्न रूपों में विद्यमान है। प्राणियों की श्रवण, मनन, दर्शन क्षमता का कारण मैं ही हूँ। मैं समस्त लोकों की सर्जक हूँ आदि। वे राष्ट्री संगमनी वसूनां - राष्ट्रवासियों और उनके सम्पूर्ण वैभव को संगठित करने वाली शक्ति - राष्ट्री है। (10.125.3) हमारे पूर्वज ने राष्ट्र के लिए भी राष्ट्री देवी की अनुभूति दी। दुर्गा सप्तशती में यही देवी शक्ति है, लज्जा है। क्षुधा है। निद्रा भी है। माता और देवी है। माता रूप देवी की उपासना वैदिक काल से भी प्राचीन है। ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं ही। इडा, सरस्वती और मही भी माता हैं, ये तीन देवियां कही गयी हैं - इडा, सरस्वती, मही तिस्रो देवीर्मयो भुव। (1.13.9)एक मंत्र (3.4.8) में ह्यभारती को भारतीभिः कहकर बुलाया गया है - आ भारती भारतीभिः। मां हरेक क्षण स्तुत्य है। दुख और विषाद में मां आश्वस्तिदायी है। प्रसन्नता और आह्लाद में भी मां की ही उपस्थिति होती है। देवी का आह्वान हरेक समय ऊजार्दायी है। इसलिए भारती को नेह-न्योता है।

जान पड़ता है कि भारतीभिः भरतजनों की इष्टदेवी हैं। ऋग्वेद में ऊषा भी देवी हैं। एक सूक्त (1.124) में ये ऊषा देवी नियम पालन करती हैं।

नियमित रूप से आती हैं।ह्व (वही मन्त्र 2) ऊषा देवी हैं, इसीलिए उनकी स्तुतियाँ है।

## विचार

# वैश्विक दबाव के बीच भारत रूस के साथ खड़ा

**संजीव ठाकुर**

**रूस** के विदेश मंत्री की दो दिवसीय यात्रा कई मायनों में अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी। भारत को रूस सस्ते दामों में कच्चा तेल सप्लाई करने को तैयार है पर इसके पीछे रूस के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम रूस के राष्ट्रपति पुतिन की एक अति महत्वपूर्ण संदेशात्मक पत्र लेकर आना ही विशेष था। जिसमें मीडिया के अनुसार रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच सुलह कराने के लिए मध्यस्था करने की अपील की बात कही जा रही है। भारत स्वतंत्रता के बाद से ही गुटनिरपेक्ष और स्वतंत्र विदेश नीति पर अमल करता आया है। रूस भारत का परंपरागत तथा अभिन्न मित्र होने के साथ भारत का बड़ा हितैषी भी है, इसका यह मतलब नहीं है कि अमेरिका या अन्य यूरोपीय देशों से भारत के संबंध खराब है,भारत ने सभी देशों से मित्रवत व्यवहार तथा व्यापारिक संबंध बनाकर रखे हैं। इन परिस्थितियों में भारत रूस और यूक्रेन युद्ध में युद्ध रोकने के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश कर सकता है पर परिणाम सत प्रतिशत अच्छे होंगे इसकी कोई नियति अभी से तय करना जल्दबाजी होगी, पर यदि भारत रूस यूक्रेन युद्ध रोक पाने में सफल होता है और शांति की बहाली होती है तो वैश्विक स्तर पर भारत की एक सशक्त छवि उभर कर सामने आएगी। विश्व के पूरे देशों की नजर रूस के विदेश मंत्री की भारत यात्रा पर है और इसके परिणामों पर भी सभी देश नजरे लगाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन और जापान के प्रधानमंत्री फ़्यूमिओ किशिदा ने कहा यूक्रेन के मामले में हर राष्ट्र अपना स्वार्थ देख रहा है तो यदि भारत अपना स्वार्थ देखता है और अपने परंपरागत मित्र का मौन समर्थन कर रहा है तो क्या गलत कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देश भारत की भूमिका पर तल्ख जरूर हुए हैं और उन्होंने कहा कि जैसा रूस यूक्रेन पर हमला कर अशांति फैला रहा है वैसा ही चीन ताइवान पर हमला करके वैश्विक शांति को खतरा पैदा कर सकता है। चीन पर पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह आरोप लगाया जा रहा है कि वह चीनी दक्षिण सागर और जापान के टापू पर अपना अवैध वर्चस्व जमाए हुए है। नरेंद्र मोदी जी के साथ इन दोनों नेताओं ने एक सुर में कहा सभी देशों के स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा की जानी चाहिए और हमले की बजाए संवाद के माध्यम से हल निकाला जाना चाहिए। यह निश्चित है कि दोनों देशों के नेताओं ने अन्य देशों के साथ भारत को रूस यूक्रेन युद्ध के दलदल में घसीटना चाहा है पर भारत अपनी विदेश नीति पर अधिक एवं दृढ़ प्रतिज्ञ है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस के खिलाफ अनेक देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं पर भारत ने अमेरिका के साथ यूरोप के देशों के इशारे पर रूस के विरुद्ध समर्थन देने से इनकार कर दिया है। भारत को भ्रमित करने के लिए इनकी हरकतों का ढोल भी पीटा गया पर चीन द्वारा गलवान घाटी पर हमले का किसी भी देश में जरा भी जिक्र नहीं किया।। इसका सीधा-सीधा अर्थ यह है कि हर राष्ट्र रूस यूक्रेन युद्ध में अपनी रोटी ही सेक रहा है, साथ ही अपना स्वार्थ ही मद्दे नजर रख अपनी नीति बना रहा है। अमेरिका की आक्रामक नीति एशियन देशों के लिए भारी नुकसानदेह हो सकती है।

रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में जाकर देखने पर यह समझ में आता है कि अमेरिका पोषित राज्य यूक्रेन को अमेरिका रूस के विरुद्ध लगातार उसे उकसाता रहा है। यूक्रेन कि अमेरिका से नजदीकियां रूस को हमेशा खटकती रही, रूस यूक्रेन युद्ध में यदि विश्व युद्ध होता है तो भारत की महावैचारिक दुविधा यह होगी कि इस युद्ध में रूस का साथ दें या अमेरिका समर्थित यूक्रेन का। भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रस्तावित रूस को प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव की वोटिंग में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने इसे अपना समर्थन मानकर भारत की तारीफ भी की थी। भारत ने इस युद्ध में रूस के यूक्रेन पर हमले की आक्रामक निंदा से अपने को बचा कर रखा है और यूक्रेन के राजदूत की अपील पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लगभग 40 मिनट विस्तृत चर्चा की जिसमें यूक्रेन में फंसे 20हजारभारतीय छात्रों की देश वापसी एवं युद्ध का शांतिपूर्वक कूटनीतिक बीच का रास्ता निकालने की अपील भी शामिल थी। भारत के संबंध पिछले एक दशक से अमेरिका से बड़े अच्छे तथा व्यवसायिक हो गए हैं।

# नारी शक्ति के आदर और सम्मान का उत्सव

**योगेश कुमार गोयल**

नारी को भारतीय संस्कृति में विशेष सम्मान प्राप्त रहा है। सनातन धर्म में मां दुर्गा को जगत का पालन करने वाली, विश्व कल्याण की प्रणेता और दुष्टों का संहार करने वाली अधिष्ठात्री देवी माना गया है। नारी शक्ति के आदर-सम्मान का उत्सव ह्यनवरात्रिह्न तो नारी को उसके स्वाभिमान और शक्ति का स्मरण दिलाता है और साथ ही समाज को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित भी करता है। एक ओर जहां नवरात्रि पर्व के दौरान देवी दुर्गा के नौ अलग-अलग नारी रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है, वहीं विद्या एवं बुद्धि की देवी भी नारी स्वरूपा देवी सरस्वती हैं। इसी प्रकार धन की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी भी नारी स्वरूपा ही हैं। हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में नारी को देवी शक्ति के रूप में पूजनीय माना गया है और सभी शास्त्रों तथा धर्म ग्रंथों में नारी के सामाजिक महत्व को स्वीकारते हुए कहा गया है ह्ययत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताह्न अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहीं देवताओं का वास होता है। नारी के प्रति पुराणों में इतना आदर-सम्मान यूं ही नहीं व्यक्त किया गया, दरअसल वह नारी शक्ति ही है, जो घनघोर अंधकार में भी अपनी मुस्कान बिखेरकर उजाला करती है। गुरू नानकदेव ने भी नारी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि नारी, जो राजाओं की भी जननी है, उसका सम्मान होना चाहिए। इसी प्रकार प्रसिद्ध विचारक हेरिएट बीचर स्टोव ने कहा था कि महिलाएं समाज की वास्तविक शिल्पकार होती हैं।

नारी को शक्ति की उपासक तथा घर की आत्मा और प्राण माना गया है। ईश्वर ने नारी को एक जननी के रूप में सम्मान देकर धरती पर भेजा है। नारी के मां के रूप को तो ममता की मूरत कहा गया है। एक मां ही अपने बच्चे के लालन-पालन और उसके अस्तित्व निर्माण के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान दे देती है और अपनी संतान में संस्कारों का बीजारोपण करते हुए उसमें दया, करुणा, प्रेम इत्यादि गुणों को जन्म देती है। बेटी, बहन, कुलवधू, पत्नी और मां जैसे अलग-अलग रूपों में नारी सही मायनों में एक परिवार की आन-बान और शान होती है। एक गुणवान बेटी के रूप में वह अपने माता-पिता का नाम रोशन करती है तो शादी के बाद अपना घर छोड़कर वह जिस दूसरे घर में जाती है, वहां भी त्याग और बलिदान की मूर्ति बनकर सबका दिल जीतने की कोशिश करती है और उस घर को स्वर्ग बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। जिस घर-आंगन में चलना सीखकर, खेल-कूदकर वह बड़ी हुई, उसी को छोड़कर वह एक दिन एक ऐसे व्यक्ति पर विश्वास करते हुए उसे अपने जीवन की बागडोर सौंप देती है, जिसे वह जानती तक नहीं थी। नवरात्रि के नौ दिनों में हम मातृ शक्ति के नौ रूपों का पूजन करते हैं, उनका स्मरण करते हैं, कन्याओं को भोजन पर आमंत्रित कर उनकी पूजा करते हैं, चरण धोकर उनका स्वागत करते हैं और तिलक के पश्चात दक्षिणा तथा उपहार देकर विदा करने की सदियों पुरानी परम्परा का निर्वहन करते हैं लेकिन साल के बाकी दिन यही नारी शक्ति सम्मान पाने के लिए विभिन्न मोर्चों पर संघर्ष करती दिखती है। पुराणों तथा धार्मिक ग्रंथों में भले ही नारी को देवी का दर्जा दिया गया है किन्तु हमारे समाज में नारी की स्थिति प्राचीन काल से ही अच्छी नहीं रही। घर हो या बाहर, उसे हर कहीं किसी न किसी रूप में शोषण का शिकार होना पड़ता है। कन्या भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति हो या समाज में महिलाओं के प्रति लगातार बढ़ते अपराध, हर कहीं स्थिति सोचनीय दिखाई पड़ती है। हालांकि नारी की वीरगाथाओं से हमारा इतिहास भरा पड़ा है। आज भी हम माता सीता, सती सावित्री, तारा, कुंती, गार्गी, रानी लक्ष्मीबाई जैसी अनेक महान और विदुषी नारियों के व्यक्तित्व, त्याग और साहस की गाथाओं से प्रेरणा लेते हैं।

# स्त्री शक्ति, रिश्तों के प्रति समर्पण और आस्था का पर्व है गणगौर

**सोनम लववंशी**

गणगौर का पर्व भक्ति श्रृंगार और लोकगीत से जुड़ा है, जिसके गीत जीवन में उमंग भरते है। साथ ही प्रकृति और संस्कृति को एक सूत्र में बांधते है। गणगौर हमें सभी को प्रेम के बंधन में जोड़ने की सीख भी देता है। गणगौर माता के गीतों में जीवन का हर रंग दिखाई देता है। परिवार के साथ कैसे सामंजस्य बैठाना है। किस तरह रिश्तों को निभाना है उसकी सीख इन गीतों में होती है। हमारे देश की खूबसूरती हमारे तीज- त्योहारों से है, जो हमें प्रेम के बंधन में बांधकर रखती है। हमारी परम्पराएं हमारे संस्कार हमारे लोकपर्व में झलकते हैं, जो हमें प्रेम के बन्धन में जोड़ते है। हिन्दू धर्म में त्योहारों की शुरूआत जिरोती से मानी जाती है, तो समापन गणगौर से होता है। ये पर्व स्त्री शक्ति या यूं कहें कि औरतों के पर्व है। जिनमें नारी के प्रेम, मनुहार रिश्तों के प्रति समर्पण का भाव है। ये तीज त्यौहार कहीं न कहीं हमें नारी सम्मान की ही सीख देते है। वर्तमान दौर में भले ही नारी को अबला कहकर उसका अपमान किया जाता हो पर हमारी संस्कृति में नारी सदैव पूजनीय रही है। जिसकी झलक हमारे त्योहारों में साफ देखी जा सकती है।

गणगौर पर्व वैसे तो राजस्थान और मध्यप्रदेश का मुख्य पर्व है। मध्यप्रदेश के निमाड़, मालवा में इस पर्व को उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जाता है। इन दिनों निमाड़ की माटी में गणगौर की धूम देखी जा सकती है। नारी के सृजन, उसका श्रृंगार प्रेम और न जाने कितने रूपों का एक सार है यह त्योहार। इस त्योहार में पवित्रता है। प्रेम का राग है, वात्सल्य है तो वियोग और करुणा का भाव भी है। गणगौर पर्व को सही अर्थ में समझे तो गण यानी जनमानस या लोगों का जनसमूह और गौर का अर्थ संख्या से है। गणगौर हमारे संबंधों का प्रतीक है।

## हमारे पास अभी तक घर नहीं है, आईपीएल से मिले पैसों से माता-पिता के लिए घर खरीदूंगाः तिलक वर्मा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए आईपीएल 2022 मैच में मुंबई इंडियंस को भले ही हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने 61 रन की पारी खेलकर सूर्खियां बटौरी। मुंबई इंडियंस ने उन्हें नीलामी में 1.7 करोड़ रुपए में खरीदा और यह युवा खिलाड़ी टीम प्रबंधन के विश्वास पर खरा उतरने की पूरी कोशिश कर रहा है। अपनी वित्तीय चुनौतियों को याद करते हुए वर्मा ने कहा कि अब उनका लक्ष्य अपने परिवार के लिए एक घर खरीदना है।

तिलक ने कहा कि बड़े होकर, हमें बहुत सारी वित्तीय कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। मेरे पिता को अपने अल्प वेतन के साथ मेरे क्रिकेट खर्च के साथ-साथ मेरे बड़े भाई की पढ़ाई का भी ध्यान रखना पड़ता था। पिछले कुछ वर्षों में कुछ प्रायोजन और मैच फीस के साथ, मैं बस अपने क्रिकेट खर्च का ख्याल रख सकता था। हमारे पास अभी तक घर नहीं है। इसलिए इस आईपीएल में मैंने जो कुछ भी कमाया है, उससे मेरा एकमात्र उद्देश्य अपने माता-पिता के लिए घर खरीदना है।

उन्होंने कहा कि आईपीएल का यह पैसा मुझे अपने बाकी के करियर के लिए स्वतंत्र रूप से खेलने का मौका देता है। इस बीच, वर्मा ने यह भी खुलासा किया कि कैसे मेगा नीलामी में उनकी बोली देखकर उनके परिवार के सदस्य और कोच भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि जिस दिन आईपीएल की नीलामी चल रही थी, मैं अपने कोच के साथ वीडियो कॉल पर था। जब बोलियां ऊंची होती रहीं तो मेरे कोच ने आंसू बह गए। मुझे चुने जाने के बाद, मैंने अपने माता-पिता को फोन किया। फोन करने पर वे भी रोने लगे। मेरी मां उस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर पा रही थी।

## पोंटिंग को नोर्किया के अगले मैच तक फिट होने की उम्मीद, ये बड़े खिलाड़ी भी जल्द टीम से जुड़ेंगे

**पुणे ।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को उम्मीद है कि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए जल्द फिट हो जाएंगे तथा लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सात अप्रैल को होने वाले मैच में चयन के लिये उपलब्ध रहेंगे। नोर्किया पीठ और कूल्हे की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं।

पोंटिंग ने गुजरात टाइटन्स के हाथों मिली 14 रन की हार के बाद वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'नोर्किया ने आज (शनिवार) सुबह अभ्यास के दौरान अपनी पूरी क्षमता से गेंदबाजी की। उसे अभी अपनी पूरी क्षमता से चार और पांच स्पेल और करने होंगे और तब मुझे लगता है कि उसे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से खेलने की अनुमति मिल जाएगी। उन्होंने कहा, 'हमारे अगले मैच में अभी कुछ दिन का समय है, इसलिए उम्मीद है कि वह अगले मैच में चयन के लिए उपलब्ध रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और मिशेल मार्श की उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर पोंटिंग ने कहा, 'वार्नर मुंबई पहुंच गया है। मिशेल मार्श पिछले कुछ दिनों से मुंबई में है और अभी पृथकवास पर है। उसका पृथकवास कल पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह (मार्श) 10 अप्रैल को (कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ) होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। पाकिस्तान में उसके कूल्हे में चोट लग गई थी और कुछ अभ्यास सत्र के बाद वह चयन के लिए उपलब्ध रहेगा।

## आईपीएल मैच के दौरान किस करते नजर आया कपल, फोटो वायरल होने के बाद लोगों ने बनाए मीम्स

**पुणे ।** आईपीएल में कैमरा ऑपरेटर अकसर चर्चा में रहे हैं और मैच के साथ-साथ मैदान में हो रही अन्य घटनाओं को भी कैमरे में कैद कर लेते हैं, जो कई बार वायरल हो जाती हैं। ऐसा ही कुछ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 10वें मैच में हुआ जो गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। मैच के दौरान कैमरा मैन ने एक कपल को किस करते हुए कैमरे में कैद किया जिसके बाद उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। मैच के दौरान कपल के किस करने वाले पलों को कैमरा ऑपरेटर ने कैमरे में कैद कर लिया जिसके बाद देखते ही देखते तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और लोगों ने मीम्स बनाने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा- 'मैंने अपने परिवार के साथ बैठकर आईपीएल देखना शुरू किया और ये कपल.....'। ऐसे ही एक और यूजर ने लिखा कि ये कपल आईपीएल को एक नए स्तर पर ले गया। वहीं, एक और शख्स ने लिखा, 'मेरा देश बदल रहा है..आगे बढ़ रहा है।'



# बाबर आजम का वनडे में 16वां शतक, पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज जीती

**लाहौर।** तेज गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद कप्तान बाबर आजम के लगातार दूसरे शतक से पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली।आस्ट्रेलिया के 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने बाबर की 115 गेंद में 12 चौकों की मदद से नाबाद 105 रन की पारी के अलावा इमान उल हक (नाबाद 89) के साथ दूसरे विकेट की उनकी 190 रन की अटूट साझेदारी से 37.5 ओवर में ही एक विकेट पर 214 रन बनाकर जीत दर्ज की। इमाम ने 100 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा।




**पाकिस्तान की ओर से वनडे में सबसे ज्यादा शतक**

20 सईद अनवर
16 बाबर आजम
15 मोहम्मद युसूफ
11 मोहम्मद हफीज
10 इजाज अहमद
9 इमाम उल हक
9 रमीज राजा

बाबर अब पाकिस्तान की ओर से वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उनके नाम 16 शतक हो गए हैं। वह पाकिस्तान की ओर से बतौर कप्तान 5 शतक भी जड़ चुके हैं। जोकि अजहर अली (3) से ज्यादा है। इस लिस्ट में इजमाम उल हक 2, शाहिद अफरीदी 2, आमिर सोहेल, इमरान खान, रमीज राजा, सईद अनवर, शोएब मलिक 1-1 का भी नाम है। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलियाई टीम की पहले खेलते हुए शुरूआत खराब रही थी। ट्रेविस हेड शून्य तो कप्तान एरोन फिंच शून्य पर आऊट हो गए थे। लबुछाने 4 तो स्टोइनिस 19 रन बनाकर चलते बने। लेकिन तभी पिछले मैच में शतक जड़ने वाले बेन मैडरमोट ने 36 और एलेक्स कैरी ने 56 रन बनाकर स्कोर आगे बढ़ाया। कैरी के अलावा कैमरून ग्रीन ने 34 तो सीन एबॉट ने 40 गेंदों में 49 रन बनाकर टीम का स्कोर 210 रन तक पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने 40 रन देकर 2, हैरिस रॉफ ने 39 रन देकर तीन, मोहम्मद वसीम जूनियर ने 40 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

### महिला विश्व कप के फाइनल में अलिसा हीली ने लगाई रिकार्ड्स की झड़ी

# ऑस्ट्रेलिया ने बनाए विश्व कीर्तिमान

**क्राइस्टचर्च।** महिला विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज अलिसा हीली ने कमाल की बल्लेबाजी की। उन्होंने 138 गेंद में 170 रन की बेहतरीन पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 26 चौके निकले। अपनी इस पारी में अलिसा ने कई दिग्गजों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उनकी शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल मैच में इंग्लैंड के सामने 356 रन का बड़ा लक्ष्य रखा है। अलिसा के अलावा ऑस्ट्रेलिया की रेचल ने 68 और मूनी ने 62 रन की बेहतरीन पारी खेली। इंग्लैंड के लिए श्रुबसोल ने तीन विकेट लिए। इसके अलावा कोई दूसरी गेंदबाज कुछ खास नहीं कर सकी।

अलिसा विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने अपने ही देश के पूर्व खिलाड़ी एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड तोड़ा है।

**विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ी पारी**

170 रन, अलिसा हीली 2022
149 रन, एडम गिलक्रिस्ट 2007
140 रन, रिकी पॉन्टिंग 2003
138 रन, विवियन रिचर्ड्स 1979

**अलिसा एक विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज**




किसी एक महिला विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में अलिसा हीली ने अपनी साथी खिलाड़ी रेचल हायेन्स का रिकॉर्ड तोड़ा है। रेचल ने इसी साल 497 रन बनाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। एलिसा हीली पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने किसी एक विश्व कप में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं।

**महिला विश्व कप में सबसे ज्यादा रन**

509 रन, अलिसा हीली 2022
497 रन, रेचल हायेंस 2022
456 रन, डेब्बी हॉकली 1997
448 रन, लिंडसे हीलर 1988
446 रन, डेब्बी हॉकली 1988

**विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ी साझेदारी**

रेचल हायेंसे के साथ अलिसा ने पहले विकेट के लिए 160 रन जोड़े। यह किसी भी विश्व कप फाइनल में सबसे बड़ी साझेदारी थी। इसके बाद उन्होंने दूसरे विकेट के लिए भी मूनी के साथ 156 रन की साझेदारी की। अलिसा ने सेमीफाइनल मैच में भी वेस्टइंडीज के खिलाफ 129 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। अलिसा सिर्फ दूसरी महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने विश्व कप फाइनल में शतक लगाया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की रोल्टन ने ही यह कारनामा किया था।

## इंडियन एरोज ने रीयल कश्मीर को बराबरी पर रोका

**नैहाटी।** इंडियन एरोज ने यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में रीयल कश्मीर के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। विबिन मोहनन ने 77वें मिनट में युवा खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली एरोज टीम को बढ़त दिलाई जिसके 5 मिनट बाद जोंग ओह पार्क ने रीयल कश्मीर को बराबरी दिला दी। दोनों टीम ने इसके बाद गोल करने में कई मौके बनाए लेकिन सफलता नहीं मिली जिससे दोनों को अंक बांटने पड़े। पहले हाफ में रीयल कश्मीर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया और टीम कई मौकों पर गोल करने के करीब पहुंची लेकिन सफलता नहीं मिली। दिन के एक अन्य मैच में राऊंड ग्लास पंजाब ने सुदेवा एफसी को 3-2 से हराया। राऊंड ग्लास पंजाब की जीत में हालांकि सुदेवा के खिलाड़ियों का ज्यादा सहयोग रहा जिन्होंने दो आत्मघाती गोल किए। पंजाब की टीम मध्यांतर के समय 0-2 से पिछड़ रही थी लेकिन जुइदिका और सौविक दास के आत्मघाती गोल के अलावा सुमित पास्सी के मैदानी गोल से टीम ने मुकाबला जीत लिया।



## मेदवेदेव 2 महीने रहेंगे टेनिस से दूर, करवाएंगे हर्निया की सर्जरी

**मोनाको ।** अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव के हर्निया की सर्जरी के कारण एक से दो महीने तक टेनिस से दूर रहने की संभावना है। दुनिया के दूसरे नंबर के पुरुष टेनिस खिलाड़ी मेदवेदेव ने ट्विटर पर लिखा लेकिन वह हाल के महीनों में हर्निया से जूझ रहे थे। उन्होंने



ट्वीट किया कि मैंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए छोटी सर्जरी कराने का फैसला किया है। मैं अगले एक या दो महीने तक बाहर रह सकता हूं और कोर्ट पर जल्द वापसी के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। इस सर्जरी के कारण मेदवेदेव के 22 मई से शुरू होने वाले अगले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन से बाहर रहने की संभावना है।

## महिला मुक्केबाजी की स्पर्धाओं में हुई बढ़ोतरी, निशानेबाजी और वेटलिफ्टिंग में भी हुए अहम बदलाव

**क्राइस्टचर्च।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने लैंगिक समानता हासिल करने के उद्देश्य से पेरिस ओलंपिक में एक बड़ा बदलाव किया है। 2024 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में आईओसी ने महिलाओं की मुक्केबाजी स्पर्धाओं में बढ़ोतरी की है। इसके बाद अब संशोधित संख्या पांच से बढ़कर छह हो गई है। समाचार एजेंसी ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष नरिंदर बत्रा के हवाले से बताया है कि टोक्यो ओलंपिक में पुरुष मुक्कबाजों के लिए आठ जबकि महिलाओं के लिए सिर्फ पांच स्पर्धाएं थीं। लेकिन पेरिस में होने वाले खेलों में पुरुषों के लिए




सात और महिला मुक्केबाजों के लिए छह स्पर्धाएं होंगी। पुरुषों के लिए नए वर्ग 51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा और +92 किग्रा होगी। जबकि महिलाओं के लिए 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा और 75 किग्रा को शामिल किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब ओलंपिक खेलों में महिला मुक्केबाजों के स्पर्धाओं का बढ़ाया गया है। इससे पहले रियो ओलंपिक में तीन वर्ग थे जिसे टोक्यो में बढ़ाकर पांच किया गया था। मुक्कबाजी के अलावा निशानेबाजी में भी बदलाव किए गए हैं। इसमें ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा की जगह स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा को रखा गया है। वहीं वेटलिफ्टिंग में स्पर्धाओं की संख्या घटाकर 10 कर दी गई है। आईओसी कार्यकारी बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद पेरिस ओलंपिक खेलों की प्रतिस्पर्धाओं का कार्यक्रम जारी किया गया। 19 दिनों तक चलने वाले खेलों के महाकुंभ में कुल 32 खेलों में 329 स्पर्धाएं होंगी।

# 'लाइब' होग फीफा विश्व कप 2022 का शुभंकर

**दोहा ।** फीफा विश्व कप 2022 के लिए लाइब को आधिकारिक शुभंकर बनाया गया है। लाइब एक अरबी शब्द है, जिसका अर्थ होता है, विशेष क्षमता वाला खिलाड़ी। यह खिलाड़ी उस शुभंकरों की उस दुनिया से आया है, जिसका व्याख्यान करना संभव नहीं है। सभी को यह कयास लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है कि लाइब कैसा दिखता है। फीफा ने एक बयान में कहा कि लाइब सभी को खुद पर यकीन करने के लिए प्रोत्साहित करता है। दोहा में हुए फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल ड्रॉ के दौरान लाइब का खुलासा किया गया।



**युवा फैंस को जोड़ने में मदद करेगा लाइब**– फीफा विश्व कप के लिए बनाई गई वितरण और विरासत समिति के विपणन, संचार और टूर्नामेंट से जुड़े मामलों के सह निदेशक खालिद अली अल मवलवी ने कहा खाड़ी देश और अरब की दुनिया में होने वाले फीफा विश्व कप 2022 के लिए लाइब को आधिकारिक शुभंकर के रूप में प्रदर्शित करके हम बेहद खुश हैं। यह शुभंकरों की ऐसी दुनिया से आता है, जिसे बयान करना संभव नहीं है। हम सभी से अपील करते हैं कि आप अनुमान लगाए कि वो कैसा दिखता है। हम पूरी तरह से निश्चिंत हैं कि दुनियाभर में फैंस इस कैरेक्टर को प्यार देंगे और इसे पसंद करेंगे। फीफा विश्व कप से युवा फैंस को जोड़ने में यह शुभंकर अहम योगदान देगा।

**हर जगह दिखेगा लाइब**

फीफा विश्व कप के दौरान लाइब हर जगह मौजूद रहेगा। पूरी दुनिया का स्वागत करते हुए, युवा फैंस को प्रेरणा देते हुए और टूर्नामेंट के दौरान खेल को प्रोत्साहित करते हुए। फीफा विश्व कप 21 नवंबर से 18 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। फीफा ने अपने बयान में कहा कि लाइब ने हर फिफा विश्व कप में भाग लिया है और फुटबॉल के इतिहास में कई ऐतिहासिल लम्हों में योगदान दिया है। इसमें कई बेहतरीन गोल भी शामिल हैं।

लाइब को उसके युवा जोश, खुशी और आत्मविश्वास फैलाने के लिए याद किया जाएगा। वह एक ऐसी दुनिया से आता है, जहां शुभंकर रहते हैं। यह एक ऐसी दुनिया है, जहां ऐसे कैरेक्टर रहते हैं, जो सभी के दिमाग का हिस्सा हैं।

## मियामी ओपनः कैस्पर रूड और अल्काराज पुरूष वर्ग फाइनल में भिड़ेंगे

**मियामी गार्डन्स।** गैर वरीय नाओमी ओसाका मियामी ओपन महिला एकल फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक से भिड़ेंगी जबकि पुरूष वर्ग के फाइनल में कैस्पर रूड का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। ओसाका एक साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला फाइनल खेलेंगी। ओसाका ने फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद कहा- काफी लोग कह रहे हैं कि तुम वापस आ गई हो। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं लगता कि मैं छोड़कर गई थी। मैं ऐसी ही खिलाड़ी रही हूं, बस मैं मैच नहीं खेल रही थी। एशले बार्टी के 2019 में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने से पहले ओसाका पहले नंबर पर थी। बार्टी तब से नंबर एक स्थान पर बनी हुई थीं लेकिन उन्होंने पिछले हफ्ते संन्यास लेने का फैसला किया। इससे स्वियातेक सोमवार को जारी होने वाली रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगी। छठे वरीय रूड ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6-4, 6-1 से हराकर रविवार को होने वाले पुरूष वर्ग के फाइनल में जगह बनाई जिसमें वह 14वें नंबर के अल्काराज के सामने होंगे। अल्काराज ने सेमीफाइनल में 8वें वरीय हबर्ट हुरकाज को 7-6 7-6 से शिकस्त दी।

# भारत ने शूट-आऊट में इंग्लैंड को 3-2 से हराया, तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**भुवनेश्वर ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कलिंगा स्टेडियम में दो मुकाबलों के एफआईएच प्रो लीग टाई के शुरुआती मैच के 3-3 की बराबरी पर छूटने के बाद शूट-आउट में इंग्लैंड को 3-2 हराया। इस जीत से भारतीय टीम ने दो अंक (एक बोनस सहित) हासिल किए जबकि इंग्लैंड की टीम ने एक अंक हासिल किया। मैच के नियमित समय में अभिषेक (14वें मिनट), शमशेर सिंह (27वें मिनट) और हरमनप्रीत सिंह (52वें मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे, जबकि इंग्लैंड के लिए निकोलस बंदुरक (आठवें, 28वें मिनट) और सैम वार्ड (60वें मिनट) ने गोल किए।वार्ड ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल दागा। दोनों टीमें एक बार फिर रविवार को होने वाले दूसरे मुकाबले में आमने-सामने होंगी। इंग्लैंड ने मैच में सकारात्मक शुरुआत करते हुए आठवें मिनट में पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे बंदुरक ने गोल में बदल कर टीम को बढ़त दिला दी।

भारतीय टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी 14वें मिनट में अभिषेक के गोल से बराबरी करने में सफल रही। उन्होंने शमशेर के पास पर शानदार रिवर्स हिट से टीम को पहली सफलता दिलाई। भारत ने 27वें मिनट में शमशेर के मैदानी गोल से




बढ़त बना ली। लेकिन टीम की यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही क्योंकि अगले ही मिनट में बंदुरक ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल कर स्कोर 2-2 कर दिया।

भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहले हाफ में वे एक भी पेनाल्टी कार्नर नहीं हासिल कर सके और इस दौरान इंग्लैंड ने तीन पेनल्टी कार्नर हासिल किए। भारतीय टीम तीसरे क्वार्टर में भी पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में नाकाम रही। भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने इस दौरान कुछ शानदार बचाव कर इंग्लैंड को बढ़त लेने से रोक दिया।

भारत के खेल में चौथे क्वार्टर में पैनापन देखने को मिला और टीम ने आखिरी 8 मिनट के अंदर दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए। इसमें से दूसरे पर हरमनप्रीत के शानदार ड्रैग फ्लिक से टीम की बढ़त 3-2 हो गई। भारतीय रक्षापंक्ति के लचर खेल से इंग्लैंड मैच खत्म होने से 14 सेकेंड पहले पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया और इसे गोल में बदल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इसके बाद शूटआउट में हालांकि भारतीय टीम इंग्लैंड पर भरी पड़ी। इस जीत से भारत नौ मैचों में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया।

# विदेश संदेश

## रूसी मिसाइल ने तबाह की यूक्रेन की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी

**कीव।** रूस द्वारा यूक्रेन की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी तबाह कर दी गई है। ये ऑयल रिफाइनरी यूक्रेन के क्रेमेनचुक इलाके में स्थित है जहां पर एक अप्रैल को रूसी सेना द्वारा लगातार मिसाइल



से हमला किया गया था। उसी हमले में ऑयल रिफाइनरी को भारी नुकसान पहुंचा। बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध जारी है। यूक्रेन की तरफ से जमीन पर लगातार रूस को कड़ी टक्कर दी जा रही है। इसी का नतीजा है कि इरपिन इलाके पर एक बार फिर यूक्रेन ने अपना कब्जा जमा लिया है। लेकिन कहा जा रहा है कि अभी इरपिन में नागरिकों को नहीं लाया जा सकता है क्योंकि रूसी सेना की तरफ से कई जगहों पर बम फेंके गए हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ पर लंदन में हुआ अटैक, इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ता ने किया हमला

**लंदन ।** एक पाकिस्तानी रिपोर्टर के मुताबिक, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर लंदन में हमला किया गया। पाकिस्तान में फैक्ट फोकस के रिपोर्टर अहमद नूरानी ने ट्विटर पर कहा कि नवाज शरीफ पर सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक कार्यकर्ता ने हमला किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हमले में नवाज शरीफ का गार्ड घायल हो गया।यह एक दिन पहले आया जब पीटीआई के पाकिस्तान प्रधान इमरान खान को विपक्ष द्वारा उनके खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर महत्वपूर्ण वोट का सामना करना पड़ा। अगर अविश्वास प्रस्ताव सफल



होता है तो पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के प्रबल दावेदार होंगे। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए नवाज शरीफ की बेटी मरियम ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के जो लोग हिंसा का सहारा ले रहे हैं उन्हें जेल होनी चाहिए। इसके अलावा, उसने कहा कि इमरान खान को खुद उकसाने, उकसाने और देशद्रोह के लिए बुक किया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा, ÷पीटीआई के जो लोग हिंसा का सहारा लेते हैं या कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा करते हैं, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए और सलाखों के पीछे फेंक दिया जाना चाहिए, इसमें इमरान खान (आइके) शामिल हैं। आईके को उकसाने और देशद्रोह के लिए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। इंशाअल्लाह ऐसा होगा। उनमें से किसी को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

## ब्रिटेन में कोविड-19 का प्रसार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**लंदन ।** ब्रिटेन में कोविड-19 का प्रसार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है और पिछले सप्ताह में प्रत्येक 13 लोगों में से एक के वायरस से संक्रमित होने का अनुमान लगाया गया है। ब्रिटेन की आधिकारिक सांख्यिकी एजेंसी के नवीनतम आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। 'ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स' ने शुक्रवार को कहा कि 26 मार्च को समाप्त सप्ताह में 49 लाख लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का अनुमान था, जो पिछले सप्ताह में दर्ज 43 लाख से अधिक था। कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि ओमीक्रोन स्वरूप बीए.2 के कारण है। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या और मृत्यु दर फिर से बढ़ रही है, हालांकि इस साल की शुरुआत की तुलना में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या अभी भी अपेक्षाकृत कम है। 'यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स के मेडिकल स्कूल' में एसोसिएट प्रोफेसर स्टीफन ग्रिफिन ने कहा, ''मामलों की बढ़ती संख्या हमारे टीकों द्वारा वहन की जाने वाली सुरक्षा के लिए खतरा हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे टीके उत्कृष्ट हैं, लेकिन वे सिल्वर बुलेट नहीं हैं और कोविड से निपटने के लिए केवल उन पर भी निर्भर नहीं रहा जा सकता है।

# अविश्वास प्रस्ताव पर इमरान का "Plan B" कर गया काम, चंद लम्हों में चारो खान चित हो गया विपक्ष

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी संकट के बीच इमरान खान ने आखिर अविश्वास प्रस्ताव पर संसद की कार्रवाई को खारिज करवा दिया। संसद स्थगित होने के बाद अब देश में नई सियासी जंग छिड़ गई है । दरअसल अविश्वास प्रस्ताव पर संसद में इमरान खान का 'प्लान बी' सफल हो गया और विपक्ष को चारो खाने मुंह की खानी पड़ गई। नेशनल असेंबली में आज इमरान सरकार के मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने 'प्लान बी' को आजमाया जो कामयाब रहा। इमरान की सिफारिश मंजूर करते हुए राष्ट्रपति ने संसद भंग कर 90 दिन में चुनाव करवाने के आदेश दे दिए है।

संसद में फवाद हुसैन ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव आम तौर पर एक लोकतांत्रिक अधिकार है। संविधान के



अनुच्छेद 95 के तहत अविश्वास प्रस्ताव दाखिल किया गया है, लेकिन दुर्भाग्य से ये एक विदेशी सरकार द्वारा सत्ता परिवर्तन के लिए एक प्रभावी ऑपरेशन है। उनके संबोधन के बाद इमरान खान के खिलाफ विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को डिप्टी स्पीकर ने खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि ये असंवैधानिक है। अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद नेशनल असेंबली की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। संसद की अगली बैठक 25 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।

पाकिस्तान की संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्तारूढ़ पार्टी के सांसदों को जीत हासिल होने के प्रति आश्वस्त किया, जबकि विपक्ष के नेता शाहबाज़ शरीफ ने प्रधानमंत्री के खिलाफ 'देशद्रोह' का मामला दर्ज किए जाने की मांग की। क्रिकेटर से राजनेता बने खान (69) अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे हैं जो विपक्ष के नेता शरीफ ने 28 मार्च को नेशनल (कौमी) असेंबली में पेश किया था, जिसपर रविवार को मतदान होना है। खान को, उन्हें प्रधानमंत्री पद से बेदखल करने की विपक्ष की कोशिश को नाकाम करने के लिए निचले सदन में 342 में से 172 सदस्यों के समर्थन की ज़रूरत थी।

## सनकी किंग ने दक्षिण कोरिया को दी धमकी- हमला किया तो भुगतना पड़ेंगे गंभीर परिणाम

**सियोल।** उत्तर कोरिया के सनकी किंग किम जोंग उन की प्रभावशाली बहन ने उनके देश पर हमला करने की बात कहने को लेकर दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री को रविवार को 'घृणित व्यक्ति' बताया। साथ ही, चेतावनी दी कि अगर ऐसा किया गया तो दक्षिण कोरिया को 'गंभीर खतरे' का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर कोरिया की ओर से पहली महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल समेत इस साल कई हथियारों का परीक्षण किया गया है, जिससे कोरियाई प्रायद्वीप के दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इस बीच, किम यो जोंग का यह बयान आया है।

उत्तर कोरिया ने करीब चार साल से बड़े हथियारों के परीक्षण पर रोक लगाई हुई थी और अब आईसीबीएम परीक्षण ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जई-इन के लिए शर्मिंदगी वाली स्थिति पैदा कर दी है, क्योंकि उन्होंने



उत्तर कोरिया के साथ सुलह करने और उत्तर कोरिया के परमाणु संकट का शांतिपूर्ण समाधान तलाशने की काफी कोशिशें की हैं। रणनीतिक मिसाइल कमान का शुक्रवार को दौरा करते हुए दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री सुह वूक ने कहा था कि अगर दक्षिण कोरिया को पता चलता है कि उत्तर कोरिया का इरादा उसपर मिसाइल दागने का है तो सियोल के पास उत्तर कोरिया पर हमला करने की क्षमता और तैयारी है।

इसके बाद, रविवार को किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने एक बयान में सियोल को धमकी दी। उन्होंने बयान में कहा , 'बुद्धिहीन' और 'घृणित व्यक्ति' ने परमाणु हथियारों से लैस राष्ट्र पर एहतियाती हमला करने का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अपने रक्षा मंत्री की लापरवाह टिप्पणी के लिए दक्षिण कोरिया को गंभीर खतरे का सामना कर पड़ सकता है। उनके इस बयान को सरकारी मीडिया ने प्रकाशित किया है।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया किसी आपदा को टालना चाहता है तो उसे खुद को अनुशासन में रखना चाहिए। उत्तर कोरिया की 'वर्कर्स पार्टी' की केंद्रीय समिति के सचिव पाक जोंग चोन ने अलग से चेतावनी दी कि आकलन में ज़रा से भी चूक और अनुचित बयान खतरनाक संघर्ष और पूर्ण युद्ध का कारण बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया पर हमला किया तो उनका देश सेना को सियोल और दक्षिण कोरियाई सेना के अहम लक्ष्यों को तबाह करने का निर्देश देगा।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने उसके जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में तमिलनाडु के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मत्स्य पालन विभाग के एक अधिकारी ने यहां रविवार को बताया कि एक नौका भी जब्त की गयी है। उन्होंने बताया कि मछुआरे शनिवार को



कच्चातीवू के समीप मछली पकड़ रहे थे तभी श्रीलंकाई नौसैनिकों ने उन्हें पकड़ लिया। रामनाथपुरम के सांसद के. नवास कानी ने मामले को विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। यह 29 मार्च के बाद से तीसरी घटना है जब श्रीलंका की नौसेना ने समुद्री सीमा के कथित उल्लंघन के लिए भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार और बृहस्पतिवार को कुल सात मछुआरों को पकड़ा गया था। मछुआरों की दो नौकाओं को भी जब्त किया गया है।

## चीन के शंघाई शहर में बढ़ रहे हैं कोविड के मामले, एक दिन में 7788 केस

**बीजिंग।** चीन की सबसे बड़े शहर शंघाई में कोविड-19 के मामले बढ़ रहे हैं। वहीं, लाखों लोग लॉकडाउन के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 438 नये मामलों की पुष्टि हुई है। साथ ही, 7,788 ऐसे मामले भी सामने आये हैं जिनमें संक्रमण के लक्षण नहीं थे। यह दोनों ही मामले कल की तुलना में थोड़े ज्यादा हैं। हालांकि, कई देशों की तुलना में यह संख्या कम है, लेकिन दैनिक मामले चीन में 2019 के अंत में वुहान में मिले मामलों के बाद सबसे ज्यादा हैं। शंघाई में 2.6



करोड़ की आबादी दो चरणों में लॉकडाउन का सामना कर रही है।पूर्वी पुडोंग क्षेत्र के निवासियों को शुक्रवार को घरों से निकलने की इजाजत दी जानी थी, जबकि पश्चिमी पुशी क्षेत्र में शुक्रवार से चार दिन के लिए लॉकडाउन लगा हुआ है। आश्वासन के बावजूद, पुडोंग में लाखों लोग लगातार घरों में बंद हैं। निवासियों से कहा गया है कि वे रोज़ाना कोविड-19 की जांच करें, घर में मास्क लगाने समेत एहतियाती उपाय करें और परिवार के सदस्यों के नजदीक जाने से बचें। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी है कि सत्तारूढ़ कंप्यूनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो की सदस्य सुन चुनलैन ने आग्रह किया है कि शंघाई में जल्द से जल्द कोविड के मामलों पर काबू करने के लिए तेज़ी से कदम उठाए जाएं।

## आर्थिक संकट से श्रीलंका में हालात बेकाबू, प्रदर्शनों के बीच 36 घंटे का कर्फ्यू...FB-ट्विटर और WhatsApp भी बंद

**कोलंबो।** भोजन और ईंधन की कमी के खिलाफ हिंसक विरोध के बीच श्रीलंका सरकार ने देशभर में 36 घंटे का कर्फ्यू लागू कर दिया है, क्योंकि देश में आपातकाल की स्थिति लागू है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने एक नोटिस जारी कर अधिकारियों की ओर से लिखित अनुमति के बिना लोगों को किसी भी सार्वजनिक सड़कों, पाकरं, ट्रेनों या समुद्र के किनारे जाने पर पाबंदी लगा दी है। BBC ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि कर्फ्यू को शुरू हुआ। सरकार ने फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर सहित सोशल मीडिया साइटों को भी बंद कर दिया है। लोगों को उनके मोबाइल फोन पर संदेश प्राप्त हुए कि यह कदम 'दूरसंचार नियामक आयोग के निर्देशानुसार' उठाया गया है। इन नए कड़े प्रतिबंधों का उद्देश्य गुरुवार को राष्ट्रपति राजपक्षे के निजी आवास के पास हुए हिंसक प्रदर्शन जैसे कमदमों को रोकना है। बता दें कि उग्र भीड़ ने श्री राजपक्षे के आवास के पास प्रदर्शन के दौरान कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद सेना को तैनात किया गया है और बिना वारंट के लोगों



को गिरफ्तार करने की शक्ति दी गई है।

श्रीलंका विदेशी मुद्रा की कमी के कारण अपने सबसे खराब आर्थिक दौर से गुजर रहा है। विदेशी मुद्रा का उपयोग ईंधन आयात के भुगतान के लिए किया जाता है। श्रीलंका में इस समय लोगों को 12 घंटे और उससे अधिक समय तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा ईंधन, आवश्यक खाद्य पदार्थों और दवाओं की कमी के कारण जनता में आक्रोश है और लोग सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान हिंसा भी हुई है।

## बोइंग विमान हादसे की जांच में मदद के लिए अमेरिकी दल पहुंचा चीन

**बीजिंग।** 'चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस' के 'बोइंग 737-800' विमान के पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण का पता लगाने में मदद करने के लिए अमेरिकी जांचकर्ता शनिवार को चीन पहुंच गए। 'चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस' का विमान कुनमिंग से दक्षिणपूर्वी चीन के ग्वांगझू आते समय 21 मार्च को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादसे में विमान में सवार 132 लोगों की मौत हो गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड का सात सदस्यीय दल इस हादसे संबंधी जांच में चीन के 'नागर विमानन प्रशासन' की मदद करेगा। संघीय अधिकारियों



ने बताया कि जांच में सहायता मुहैया कराने के प्रयास के तहत विमान के 'कॉकपिट वाइस रिकॉर्डर' को डाउनलोड करके वाशिंगटन स्थित अमेरिकी प्रयोगशाला में इसका विश्लेषण किया जा रहा है। जांचकर्ताओं को उम्मीद है कि इस रिकॉर्डिंग से यह पता लगेगा कि दक्षिण पूर्वी चीन के पर्वतीय क्षेत्र में करीब 8,800 मीटर ऊंचाई से विमान नीचे कैसे गिरा।जांचकर्ताओं को विमान का 'फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर' भी मिल गया है, लेकिन इसका शुक्रवार को वाशिंगटन में अध्ययन नहीं किया गया। NTSB ने बताया कि जांचकर्ता जांच से संबंध नहीं रखने वाले लोगों के सीमित संपर्क में रहेंगे, ताकि वे पृथकवास में रहे बिना तत्काल जांच शुरू कर सकें। चीनी विमानन सुरक्षा के एक अधिकारी ने कहा कि हादसे के 30 दिन के भीतर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे बिलावल भुट्टो, बोले- इमरान सरकार ने संविधान का किया उल्लंघन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद अपना रोष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हम अविश्वास विश्वास प्रस्ताव को खारिज करने के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तानी आवाम से अपील की कि आप आईन का साथ दें और जम्हूरियत का साथ दें।

**सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे भुट्टो**

बिलावल भुट्टो ने अपने संबोधन का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा कि सरकार



ने संविधान का उल्लंघन किया है। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान नहीं होने दिया। संयुक्त विपक्ष संसद नहीं छोड़ रहा है। हमारे वकील सुप्रीम कोर्ट जा रहे हैं। हम सभी संस्थानों से पाकिस्तान के संविधान की रक्षा करने, उसे बनाए रखने, बचाव करने और लागू करने का आह्वान करते हैं।

**अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज**

पाकिस्तान नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज किया और इसे असंवैधानिक घोषित किया। इस दौरान इमरान खान विधानसभा में मौजूद नहीं थे। इसके बाद इमरान खान ने पाकिस्तान की आवाम को संबोधित करते हुए चुनाव के लिए तैयार रहने की हिदायद दी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## यूक्रेनी सैनिकों ने कई इलाकों पर फिर से कब्जा किया, रूसी सैनिकों पर बमबारी की : जेलेंस्की

**ल्वीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि कीव और चेर्नीहीव के आसपास के इलाकों पर यूक्रेनी सैनिक फिर से कब्जा कर रहे हैं और रूसी सैनिकों को कड़ी टक्कर देने के साथ ही उन पर बमबारी भी कर रहे हैं। जेलेंस्की ने शनिवार रात देश को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन जानता है कि रूस के पास यूक्रेन के पूर्व और दक्षिण में अधिक दबाव बनाने के लिए सुरक्षाबल हैं। उन्होंने कहा, ''रूसी सैनिकों का लक्ष्य क्या है? वे डोनबास और यूक्रेन के दक्षिण पर कब्जा जमाना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य क्या है? अपनी, अपनी आजादी, अपनी जमीन और अपने लोगों की रक्षा करना।''उन्होंने कहा कि अच्छी खासी संख्या में रूसी सैनिक मारियुपोल के आसपास तैनात है, जहां बचावकर्ता लगातार लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''इस विरोध के कारण, इस साहस और हमारे अन्य शहरों की प्रतिरोधक्षमता के कारण यूक्रेन ने अमूल्य समय हासिल किया, जिससे हमें दुश्मन के हथकंडों को नाकाम करने और उसकी क्षमताओं को कमजोर करने का मौका मिल रहा है।'' जेलेंस्की ने एक बार फिर पश्चिमी देशों से मिसाइल रोधी प्रणालियां और विमान जैसे अधिक आधुनिक हथियार देने की अपील की है। रूस-यूक्रेन युद्ध में प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं- - यूक्रेन के सैनिकों ने कीव के समीप इलाकों पर फिर से कब्जा जमाया। - बढ़ती महंगाई के बीच पश्चिम एशिया के ज्यादातर हिस्सों में रमजान की शुरुआत। - रूस के अंतरिक्ष प्रमुख ने कहा कि प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र को खतरे में डाल सकते हैं। बुचा : यूक्रेन की सेना रूसी सेना द्वारा विस्फोटक छोड़े जाने के डर के बीच शनिवार को कीव के उत्तरी क्षेत्र पर फिर से कब्जा जमाने के लिए सावधानीपूर्वक आगे बढ़ी।राष्ट्रपति जेलेंस्की ने आगाह किया कि इलाकों को छोड़कर जा रही रूसी सेना घरों के आसपास बारुदी सुरंग बनाकर, हथियार छोड़कर और ''यहां तक कि शवों को छोड़कर'' नागरिकों के लिए ''विध्वंसकारी'' स्थिति पैदा कर रही है। उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। यूक्रेन के सैनिकों ने बुचा शहर में तैनाती संभाली और वे होस्तोमेल में एंटोनोव हवाईअड्डे के प्रवेश द्वार पर तैनात हैं। बुचा में पत्रकारों ने सड़क पर नागरिकों के कम से कम छह शव देखे।

टैंकों और बख्तरबंद वाहनों से लैस यूक्रेन के सैनिकों ने शवों को तारों से बांधा और उन्हें इस डर से सड़क से हटा दिया कि कहीं वे उन्हें मारने के लिए कोई उपकरण (बूबी-ट्रैप) न लगा रखा हो। शहर के निवासियों ने बताया कि रूसी सैनिकों ने बिना किसी उकसावे के लोगों को मार डाला। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने बताया कि ऐसे सबूत बढ़ रहे हैं कि रूस कीव के आसपास अपने सैनिकों को वापस बुला रहा है और पूर्वी यूक्रेन में सैन्य जमावड़ा कर रहा है। काहिरा ÷ पश्चिम एशिया के ज्यादातर हिस्सों में शनिवार को रमजान की शुरुआत हो गयी।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कारण पश्चिमी एशिया में ईंधन और खाद्य कीमतें बढ़ गयी हैं। आसमान छूती कीमतें लेबनान, इराक और सीरिया से लेकर सूडान तथा यमन तक उन लोगों पर असर डाल रही हैं जो पहले ही संघर्ष, विस्थापना और गरीबी का दंश झेल रहे हैं। वहीं, यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री ने कहा कि 765 निवासी शनिवार को निजी वाहनों में मारियुपोल से बाहर निकल पाए जबकि मानवीय कार्यकर्ताओं का एक दल अभी तक शहर में नहीं पहुंचा है। इरिना वेरेश्चुक ने बताया कि निवासी उत्तर पश्चिम से 226 किलोमीटर दूर जापोरिझिया शहर पहुंचे। इस बीच, 'इंटरनेशनल कमेटी ऑफ रेड क्रॉस' ने कहा कि तीन वाहनों और नौ स्टाफ सदस्यों के साथ एक दल ने निवासियों को निकालने के लिए शनिवार को मारियुपोल में जाने की योजना बनायी थी लेकिन वह जा नहीं सका क्योंकि उसे यह आश्वासन नहीं मिला कि रास्ता सुरक्षित है। शहर के प्राधिकारियों ने बताया कि रूसियों ने शहर तक पहुंच बाधित कर दी है।